चंडीगढ़, मंगलवार, 13 अगस्त, 2019 रु. 5.00 (16 पेज) चंडीगढ़, दिल्ली, कोलकाता और लखनऊ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com | epaper.jansatta.com | facebook.com/jansatta | twitter.com/jansatta

# 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर में पहली ईद मुबारक

## छिटपुट प्रदर्शनों के बीच अमन के माहौल में नमाज

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 अगस्त।

कश्मीर घाटी में सोमवार को छिटपुट विरोध प्रदर्शनों को छोड़कर मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न हुई। हालांकि, कई इलाकों में कर्फ्यू जैसे प्रतिबंध लगे रहे। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, जम्मू कश्मीर में लोग नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में बाहर निकले। श्रीनगर और शोपियां में प्रमुख मस्जिदों में नमाज अदा की गई। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने ट्वीट किया, 'घाटी के अनेक हिस्सों में ईद की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई। एक भी गोली नहीं चली।' अधिकारियों ने विभिन्न मस्जिदों में मिठाइयां भी बांटीं।

विभिन्न जिलों में अलग-अलग स्थानों पर बाजारों में सरकार ने कुर्बानी के लिए पर्याप्त संख्या में भेड़ उपलब्ध कराए थे। गृह मंत्रालय के अनुसार, हजारों लोगों ने नमाज पढ़ी। प्रवक्ता ने ट्वीट किया, 'अनंतनाग, बारामूला, बडगाम, बांदीपुर में बिना किसी अप्रिय घटना के सभी मस्जिदों में शांतिपूर्ण ढंग से ईद-उल-अजहा की नमाज संपन्न हुई। बारामूला के जामिया मस्जिद में करीब दस बाकी पेज ८ पर



श्रीनगर की एक मस्जिद में नमाज पढ़ते हुए लोग।

### डोभाल ने हवाई सर्वे किया

नई दिल्ली, 12 अगस्त (ब्यूरो)।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने घाटी की सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए शहर और दक्षिण कश्मीर के इलाकों का सोमवार को बाकी पेज ८ पर

### एकांत में गुजरी कश्मीरी नेताओं की ईद

श्रीनगर, 12 अगस्त (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्रियों- फारुक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती के बाकी पेज ८ पर

### पाक पत्रकार का दावा गलत : सुरक्षा बल

नई दिल्ली, 12 अगस्त (भाषा)।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और जम्मू-कश्मीर पुलिस के बीच कथित आपसी झगड़े के संबंध में पाकिस्तानी पत्रकार के दावों को फर्जी बताकर उन्हें खारिज करते हुए सुरक्षा बलों ने कहा कि सूचना गलत और निराधार है। कश्मीर पुलिस ने अपने आधिकारिक हैंडल से ट्वीट किया है कि उसने आगे की कार्रवाई के लिए इस ट्वीट के बारे में माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट को सूचित कर दिया है। जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किए जाने की पृष्ठभूमि में झड़प होने का दावा पाकिस्तान के पत्रकार वजाहत सईद खान ने अपने सत्यापित ट्विटर हैंडल से किया है।

खान ने लिखा है, कश्मीर में तैनात सुरक्षा बलों के बीच तनाव बढ़ रहा है। मुसलिम कश्मीरी पुलिसकर्मी ने गोली मार कर भारतीय सीआरपीएफ के पांच जवानों की हत्या कर दी। सुरक्षा बलों ने बाकी पेज ८ पर

## पी चिदंबरम का बयान गैरजिम्मेदाराना : भाजपा

जनसत्ता ब्यूरो/भाषा
नई दिल्ली/चेन्नई, 12 अगस्त।





भाजपा ने सोमवार को कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के अनुच्छेद-370 से संबंधित बयान को भड़काऊ और गैरजिम्मेदाराना बताया और कहा कि अनुच्छेद-370 को हटाया जाना जम्मू कश्मीर और देश हित में है।

केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने चिदंबरम के इस बयान कि मुसलिम बहुल होने के कारण जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किया गया, पर कहा कि कांग्रेस नेता का बयान भड़काऊ है और उनसे इस तरह के बयान की उम्मीद नहीं थी। हम उनके (चिदंबरम) बयान की निंदा करते हैं। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि अनुच्छेद-370 को हटाया जाना जम्मू-कश्मीर के हित में है और देशहित में है। उन्होंने पूछा कि क्या ये सच्चाई नहीं है कि राज्य में दशकों तक चली हिंसा में लगभग 42 हजार निर्दोष लोग मारे गए जिसमें ज्यादातर हिंदू थे।

केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि हमारी सरकार ने दशकों पहले की गई गलती को सुधारने का काम किया है। उन्होंने कहा कि चिदंबरम ने जो कहा है, वह इस विषय को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास है। वहीं, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान ने चिदंबरम के बयान पर कहा कि यह कांग्रेस की छोटी मानसिकता का परिचायक है कि वह इस मुद्दे को बाकी पेज ८ पर

### बेजिंग में एस जयशंकर और चीनी विदेश मंत्री की वार्ता के बाद रुख बदला

## चीन ने कश्मीर मुद्दे से बनाई दूरी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 अगस्त।

बेजिंग के दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर और उनके चीनी समकक्ष वांग यी एवं वहां के उपराष्ट्रपति वांग किशान से मुलाकात के बाद कश्मीर मुद्दे पर चीन का रुख बदला है। चीन ने इसे द्विपक्षीय मुद्दा करार देते हुए कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव पर उसकी पैनी नजर है। उसने इस मसले पर शांतिपूर्ण एवं सकारात्मक प्रयास की उम्मीद जताते हुए भारत से क्षेत्रीय शांति और स्थायित्व के लिए रचनात्मक भूमिका निभाने का आग्रह किया है।

चीन का यह बयान एक तरह से पाक के लिए झटका माना जा रहा है। कश्मीर मसले पर हाल ही में पाक के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी चीन गए थे और अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद सख्त बयान जारी करने एवं दखल देने की गुजारिश की थी। लेकिन चीन ने द्विपक्षीय मसले को शांति से निपटाने की बात कह इस मुद्दे पर दूरी बना ली है।

चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि कोई भी द्विपक्षीय मतभेद विवाद का कारण नहीं बनना चाहिए। चीन ने शांति की अपील करते हुए कहा



*द्विपक्षीय* मुद्दा करार करार देते हुए शांतिपूर्ण तरीके से सकारात्मक हल निकालने पर जोर दिया

कि भारत इस मसले पर सकारात्मक प्रयास करे।

दोनों देशों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत के दौरान जयशंकर का स्वागत करते हुए वांग यी ने कहा कि भारत और चीन का क्षेत्रीय शांति और स्थिरता में अहम योगदान होना चाहिए। वांग ने कहा, 'भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की बात है तो हमारी इस पर पैनी नजर है। हमें बाकी पेज ८ पर

## उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर में भूस्खलन से नौ लोगों की मौत

जनसत्ता ब्यूरो/भाषा
नई दिल्ली, 12 अगस्त।

उत्तराखंड और जम्मू में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन की घटनाओं में नौ लोगों की मौत हो गई जबकि केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और गुजरात में सोमवार को भी बचाव अभियान जारी रहे। बाढ़ प्रभावित राज्यों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 173 हो गई है।

भारी बारिश और भूस्खलन से जूझ रहे पर्वतीय राज्य उत्तराखंड के चमोली जिले में तीन अलग-अलग गांवों में एक महिला और नौ महीने की उसकी बेटी समेत छह लोग भूस्खलन की चपेट में आकर जिंदा दफन हो गए। चुफलागड़ नदी में आई बाढ़ के तेज बहाव में इसके तट पर बनी दो इमारतें बह गईं।

देहरादून में राज्य आपदा अभियान केंद्र ने बताया कि जिले के घाट इलाके में बंजबगड़, अलीगांव और लांखी गांव में तीन घरों पर भूस्खलन का मलबा गिरने से वहां रहने वाले लोग फंस गए। केंद्र ने बताया कि छह लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में भूस्खलन के दौरान एक बड़े पत्थर के नीचे आ जाने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। घटना जिले के महोर क्षेत्र के लार गांव में रविवार शाम को हुई, जिसमें दो लोग घायल हुए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ प्रभावित राज्यों के कई इलाकों में बारिश थम गई है, जहां 12 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं और जलमग्न इलाकों से जलस्तर घटना शुरू हो गया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार मानसूनी बारिश के प्रकोप के चलते केरल में सोमवार को

*बाढ़ प्रभावित* राज्यों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 173 हुई

*महाराष्ट्र* में कोल्हापुर के पास पिछले छह दिन से बंद मुंबई-बंगलुरु राष्ट्रीय राजमार्ग-4 को सोमवार यातायात के लिए आंशिक रूप से खोल दिया गया और वहां जरूरी सामान से लदे फंसे हजारों ट्रकों को आगे जाने की इजाजत दी गई। कोल्हापुर और कर्नाटक के बेलगाम के बीच यातायात की भी मंजूरी दी गई। बाढ़ प्रभावित राज्यों में एहतियात बरती जा रही है क्योंकि अधिकतर नदियां उफान पर हैं।



मरने वालों की संख्या बढ़कर 76 हो गई। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि मलप्पुरम में 50 लोग अब भी लापता हैं। कर्नाटक, गुजरात और महाराष्ट्र में अब तक 97 लोगों की मौत हुई है। केरल के 14 जिलों के लिए मंगलवार को बारिश का कोई 'रेड अलर्ट' जारी नहीं किया गया, लेकिन छह राज्यों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया बाकी पेज ८ पर



खबर पेज 14 पर

**प्रदर्शन** हांगकांग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आगमन कक्ष में सोमवार को जमा लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों की भीड़।

## बबीता पिता महावीर संग भाजपा में शामिल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 अगस्त।

अंतरराष्ट्रीय स्तर की कुश्ती खिलाड़ी बबीता फोगाट और उनके पिता व कुश्ती कोच महावीर फोगाट सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। वे खेल व युवा मामलों के मंत्री किरण रिजीजू व पार्टी महासचिव और हरियाणा के पार्टी मामलों के प्रभारी अनिल जैन व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुभाष बडाला की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।

बबीता फोगाट व महावीर फोगाट का पार्टी में स्वागत करते हुए रिजीजू ने कहा कि बबीता ने कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीते और देश का नाम रौशन किया है। महावीर और बबीता फोगाट ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा संबंधी अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। अर्जुन पुरस्कार विजेता बबीता ने संवाददाताओं से



कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू कश्मीर के विशेष प्रावधान को समाप्त करके इतिहास रचा है। उन्होंने यह भी कहा कि वह मोदी की बड़ी प्रशंसक हैं। द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त महावीर फोगाट ने कहा कि मोदी बड़े फैसले करने में सक्षम हैं। इस अवसर पर रिजीजू ने कहा कि उनके पिता भी अनुकरणीय हैं जिन्होंने अपनी पुत्रियों को कोचिंग दी और उन्हें विश्व स्तरीय खिलाड़ी बनाया। उन्होंने कहा कि महावीर जी देश के लिए बाकी पेज ८ पर

### मनमोहन सिंह आज दाखिल करेंगे नामांकन

राज्यसभा उपचुनाव

जयपुर, 12 अगस्त (भाषा)।



पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह राजस्थान से राज्यसभा के उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र भरेंगे।

राजस्थान के उपमुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट ने बताया, 'पार्टी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को प्रत्याशी बनाने का फैसला किया है। वे मंगलवार को यहां नामांकन के चार सैट दाखिल करेंगे।' भाजपा के बाकी पेज ८ पर

सातवें शौर्य रक्तदान शिविर में 300 यूनिट खून जमा | **खून का रिश्ता** | दो साल में 5000 लोग कर चुके हैं सेना के लिए रक्तदान

## हजारों लोगों का दिया लहू दौड़ रहा भारतीय सैनिकों की धमनियों में

नई दिल्ली, 12 अगस्त (भाषा)।

रक्तदान को महादान का दर्जा दिया गया है और यदि आपका खून देश की हिफाजत करने वाले जवानों के काम आए तो निश्चय ही इससे भारत माता के इन सच्चे सपूतों के साथ आपका खून का रिश्ता जुड़ जाता है। देश का एक गैर सरकारी संगठन 2016 के उड़ी हमले के बाद से समय-समय पर सेना के लिए रक्तदान शिविरों का आयोजन कर रहा है और इस कार्य में अब तक करीब 5000 लोग अपना योगदान दे चुके हैं।

चंडीगढ़ स्थित गैर सरकारी संगठन 'आइ एम स्टिल ह्यूमन' ने हाल ही में दिल्ली में भारतीय सेना के साथ सातवें शौर्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया। संगठन के संस्थापक विवेक मेहरा ने बताया कि इस शिविर के दौरान विभिन्न ब्लड ग्रुप का 300 यूनिट खून जमा किया गया है, जिसे सेना के ब्लड बैंक एएफटीसी भेजा गया, ताकि जरूरत पड़ने पर सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए इसका इस्तेमाल किया जा सके।

*अपना* खून देने वालों को इस दौरान अपने सैनिकों और अपने देश से जुड़ने का एक अद्‌भुत एहसास होता है। यह मात्र रक्तदान शिविर न होकर युवकों को सेना में शामिल करने के लिए प्रेरित करने का एक प्रयास भी है



*पहले* रक्तदान शिविर का आयोजन 16 जनवरी, 2017 को वेटर्न्स डे के मौके पर चंडीगढ़ में किया गया। इसके बाद मोहाली, पंचकुला, चंडीमंदिर छावनी, जिरकपुर में इन शिविरों के आयोजन के बाद इसी वर्ष मार्च में दिल्ली में ही छठे और गत 4 अगस्त को सातवें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

मेहरा ने बताया कि रक्तदान की पूरी प्रक्रिया का संचालन सेना की चुस्त चौकस मेडिकल टीम द्वारा किया जाता है और अपना खून देने वालों को इस दौरान अपने सैनिकों और अपने देश से जुड़ने का एक अद्‌भुत एहसास होता है। यह मात्र रक्तदान शिविर न होकर युवकों को सेना में शामिल करने के लिए प्रेरित करने का एक प्रयास भी है। दिल्ली में आयोजित शिविर में लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने रक्तदान के जज्बे को सलाम करते हुए कहा कि सीमा पर तैनात सैनिक को कभी अपने प्राणों का भय नहीं होता क्योंकि वह इस जुनून के साथ आगे बढ़ता है कि उसपर अपने देश और समाज की रक्षा का दायित्व है और पूरा देश उसके साथ है। उन्होंने कहा कि अपने शरीर का खून देकर हमारे राष्ट्रभक्त नागरिकों ने सीमा पर कठिन परिस्थितियों में तैनात सैनिकों के लिए अपने हिस्से का दायित्व निभाया है।

विवेक बताते हैं कि पहले रक्तदान शिविर का आयोजन 16 जनवरी, 2017 को वेटर्न्स डे के मौके पर चंडीगढ़ में किया गया। इसके बाद मोहाली, पंचकुला, चंडीमंदिर छावनी, जिरकपुर में इन शिविरों के आयोजन के बाद इसी वर्ष मार्च में दिल्ली में ही छठे और गत 4 अगस्त को सातवें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि सशस्त्र सेनाओं के साथ एकजुटता दिखाने के लिए उसी दिन सुबह बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें तकरीबन 500 प्रोफेशनल बाइक राइडर्स ने हिस्सा बाकी पेज ८ पर

जनसत्ता

क्लासीफाइड

व्यक्तिगत

It is for general information that I,Vijay Bharti S/o Krishan Lal R/o-33-34, Swayam Sewa Coop. Group Housing Society Jhilmil Colony,East Delhi, Delhi-110096,inform that name of mine hasbeen wrongly written as Vijay Maggo in School Records in my minor Son's Kartik Maggo age-14Years.The actual name of mine is Vijay Bharti respectively which may be amended accordingly 0040507479-7

I,hitherto known as Amita Chaudhury Mehta,Daughter of,Indar Nath Chaudhury,Wife of,Krishan Kanhaiya Mehta,Residing at-243,Kailash Hills ,East-of-Kailash.New Delhi-110065.have changed my name and shall hereafter be known as Amita Mehta . 0040507568-6

I Hitherto known as SheelaDevi W/o Vijay Kumar Sharma R/o-149,Swayam Sewa Group Housing Society Jhilmil Colony,Delhi-110092,have changed my name and shall hereafter be known as SushilaRani. 0040507479-8

I Kavita Banga w/o Dharminder Singh R/o GH-5&7/404, Paschim Vihar, Delhi-110087 have changed my name to Kavita Kaur. 0040507523-2

I Lalita Gulati W/o Sh. Sanjeev Gulati R/o H.NO.25, Triveni Apartment, H.Block, Vikas Puri, New Delhi-110018. Do hereby inform that Deepa Gulati & Lalita Gulati is one person 0040507490-1

I Rajesh Kumar Gupta R/o Khasra No. 577, Chipiyana Buzurg,Crossing Republic, Sai Garden, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-201301 Have Changed My Name To Rajesh Gupta For All Purposes. 0070669674-1

I Ram niwas kashyap S/o Ganga Singh R/o 225/11 Rajpura Gurmandi Delhi-110007 have changed my name to RAM NIWAS 0040507490-2

I Savia Saifi D/o,Riyaz Ahmed has been lost my original certificate 10th.class, year-2015 ,Roll no.-8713357,from CBSE-Board Delhi Finder cont.-7428345413. 0040507479-9

I hitherto known as Praveen alias Umesh,S/o Raj Kumar, Residing at-C-2/464, Nand-Nagri, Mandoli, Saboli, North-East, Delhi-110093.have changed my name and shall hereafter be known as Praveen. 0040507523-1

I, Vineeta D/O Harikrishan R/O 271, Gali No-13 Badarpur Moalarband Extn ND-44 Have Changed My Name To Vineeta Singh For All Purposes. 0040507568-2

I, Vineeta D/O Harikrishan R/O 271, Gali No-13 Badarpur Moalarband Extn ND-44 Have Changed My Name To Vineeta Singh For All Purposes. 0040507568-1

I, Vikrant S/o Satpal R/o-257, Pitampura Village, Sarswati Vihar, Delhi-34, have changed my name to Vikrant Beniwal 0040507479-5

I, Vikash Varshney S/o Late Krishna Murti Varshney R/o 1302-M, Regalia Heights, Shipra Sun City, Indirapuram, Ghaziabad, UP-201014 have changed my minor son's name from Avyakta Varshney to Avyakt Varshney. 0040507520-1

I, Vikash Barariya S/O Bachh Raj R/O-2537, 1st-Floor, Hudson Lane, Delhi-110009. Changed My Name To Vikash Bararia. 0040507546-2

I, Vijay Luxmi,W/o Jagdish kumar chhabra, R/o-Flat-280, 3rd-floor,Sector-A pkt-B&C Vasant Kung,N.D-110070,have changed my name to Vijay Laxmi Chhabra,for all purpose 0040507568-5

I, Suresh / Suresh Kumar s/o Sita Ram r/o Q-8/73, Mangol Puri, Delhi-110083, have changed my name to SURESH BAGORIA. 0040507529-3

I, Sunita Rani W/o Dharmender R/o-34-S, Basant Vihar, Ganaur, Sonipat. Have changed my to Sunita Kapoor for all purposes. 0040507513-3

I, Sudeep Jain S/O H.K Jain, R/O-F1-42, Mangal-Bazar Laxmi-Nagar, Delhi-110092. Changed my minor daughter's name, Himika Jain to Himieka Jain. 0040507513-8

I, Shashi Raj Chauhan S/o Amrit Singh R/o C-22 B, Acharya Kriplani Road, Adarsh Nagar, Delhi-110033, that name of my father has been wrongly written as Amrit Singh Chauhan in my Passport. The actual name of my father is Amrit Singh. 0070669703-1

I, Angura Devi W/o Bangali Prasad, R/o H.No.2, Deep enclave, Vikas nagar, Uttam Nagar Delhi-110059, have changed my name to Vijay Shanti. 0040507479-1

I, Alashika Maddukuri D/O Rajaratnam Maddukuri.,R/O-FLAT. NO.1608, Block-A, 16th-Floor, Ace-City, Greater-Noida West, Gautambudh-Nagar, U.P-201306,Changed My Name To Sindhupriyanjali Chowdary Maddukuri. 0040507523-7

व्यक्तिगत

I, Sharda Soni D/O Ramesh Chand R/O-B-245, Hari Nagar, New Delhi-110064.Changed My Name To Aarti. 0040507523-4

I, Shankar S/o Shyam Sunder Singhal R/o-WZ-631/B Gali. No.2 Sri. Nagar Rani-Bagh Delhi-110034. changed my name to Shankar Singhal. 0040507523-5

I, Seema Kumari D/o Sukhdev Raj Handa W/o Kuldeep Madhok R/o-A-134-A Sector-26 Noida,Gautambudh Nagar-U.P.,have changed my name to Rachna Madhok for all future purposes 0040507479-6

I, Ruma w/o Sourabh Chatterjee r/o D-71, Kiran Garden, Uttam Nagar, Delhi-110059, have changed my name to Ruma Chatterjee. 0040507524-3

I, Rishab Sharma S/O, Pritam Chand Sharma R/o H.No.1971 Azad Colony,kalka HR 133302.have changed my name to Rishabh Sharma for all purposes. 0040507568-3

I, Richa Choubey W/O Gaushul Akram, R/O A-56/S-1, Surya-Nagar, Chander-Nagar, Ghaziabad, U.P.201011, Changed My Name To Roba Mohammad. 0040507523-8

I, Reta D/o Amarnath W/o Faiz Ullahkhan R/o-783/9, Jheel Khurenja,Scooter Market Delhi-51,have changed my name to Riya Francis for all purposes 0040507479-2

I, Rashmi W/o Parveen Kumar R/o-1179/12, Janta Colony, Sonipat. Have changed my name to Rashmi Sharma for all purposes. 0040507513-4

I, Rajinder Kumar S/o Satpal R/o D-4, Plot No. 3, Mansarovar Appartment, Sector-5, Dwarka, New Delhi-110075 have changed my name as Rajinder Marwah for all future purposes. 0040507471-2

I, Rahul s/o Raju Aswal r/o Q-8/73, Mangol Puri, Delhi-110083, have changed my name to RAHUL ASWAL. 0040507529-4

I, Promila Chaudhry D/O, Prabhu Dass R/o C-75, GF, C-block, Vivek Vihar Phase-1, New Delhi-110095, have changed my name to Promila Choudhary for all purposes. 0040507503-1

I, Preet Kanwar Singh, S/O Jagjit Singh H.No-M70 Market-Greater Kailash-2, New-Delhi-110048. Have changed my name to Preet Singh. 0040507513-7

I, Praneet Singh Gambhir, S/O Gunjeet Singh H.No.A96 Dayanand-Colony, Lajpat-Nagar-4, New Delhi-110024. Have changed my name to Praneet Singh. 0040507513-6

I, Pramod Mittal and Parmod Mittal, S/o-Tika Ram R/o-76, Sector-14, Sonipat, have changed my name to Parmod Kumar for all purposes. 0040507513-2

I, Manoj Kumar Vishwakarma, S/O Radhe Shyam Vishwakarma Address-1230F, Lig-Housing Board-colony, Sector-31, Gurgaon-122001, Haryana. Changed my name to Manoj Vishwakarma. 0040507513-5

I, Pramod Kumar Kalra S/o Thana Ram Kalra R/o House No.E-29, Adarsh Nagar, Ballabgarh Dist. Faridabad-121004 (Haryana) have changed my minor childs name from Satyam to Satyam Kalra. 0070669710-1

I, Pramod Kumar Kalra S/o Thana Ram Kalra R/o House No. E-29, Adarsh Nagar Ballabgarh Dist., Faridabad-121004 (Haryana) have changed my minor childs name from Vaishali to Vaishali Kalra. 0070669706-1

I, Prabhakar, S/O Jagdish Singh Kushwaha R/O-C-100a, Ganesh-Nagar, Pandav-Nagar Complex,-Delhi-110092. Changed My Minor Son Name Devansh Chandra Kushwaha To Devansh Chandra. 0040507523-3

I, Poonam Kataria W/o Ajay Kataria R/o 43/3 Laxman Vihar Phase-II, Gurugram, Haryana, have changed the name of my son from Vihan Kataria to Vivaan Kataria permanently. 0040507560-1

I, Pavan Bassy S/o Tarsem Lal Bassy R/o 6-A, Suraj Nagar, Azadpur Delhi-33, have changed my name to Pawan Kumar 0040507479-4

I, Pankaj Kapoor D/o Kamal Kishore Kapoor W/o Deepak Mehra R/o-F-14/6-B,Krishna Nagar,Delhi-110051,have changed my name to Prerna Mehra for all purposes 0040507479-3

I, Nitish Bikash Mishra S/O Bikash Narayan Mishra R/O-C-278, Shekh-Sarai Phase-I, Malviya-Nagar, N.Delhi-110017.Changed My Name To Nitish Mishra 0040507546-1

I, Ishika Mittal D/o Parmod Kumar R/o-76, Sector-14, Sonipat. Have change my name to Ishika for all purposes. 0040507513-1

I, Gurmeet Singh s/o Narinder Singh R/o J-7/102, Second Floor, Rajouri Garden, New Delhi-110027, have changed my name to Gurmeet Singh Sachdeva. 0040507473-1

I, Ankit Batra, S/O Mr. Suresh Kumar Batra, R/O-414, Second-Floor, Sant-Nagar, East-Of-Kailash, New-Delhi-110065, informs that I have changed my name to Om Suresh Ankkit Batra, for all purposes. 0040507513-10

I, Nikita Balasubramaian D/O-Balasubramanian Natarjan R/O-L-61C, Saket, Delhi-110017. Changed my Name to Have Changed my Name to Nikita Balasubramanian. 0040507523-6

I, Neelam W/o Rajinder Marwah R/o D-4, Plot No. 3, Mansarovar Appartment, Sector-5, Dwarka, New Delhi-110075 have changed my name as Neelam Marwah for all future purposes. 0040507471-1

I, Naresh Chandra, Son/Of Late Mr.Bachi Dutt R/O-G-642/C, Sangam-Vihar, Deoli, New-Delhi-110080, informs that I, have changed my name to Naresh Bhatt for all purposes. 0040507513-9

I, Manju, D/o Lal Bahadur Singh, R/O D-53/1, LGF, Suman Chowk, Chhattarpur Extension, South Delhi-110074 have changed my name to Manju Singh. 0070669700-1

I, Mamta Rani W/O, Kapil Sharma R/o H.No. 119, First Floor, Greenwood City, G Block, Huda Market, Sec-40, Gurugram (HR), have changed my name to Mamta Sharma for all purposes. 0040507480-1

I, Kulpreet Mehta R/o wz-18 Golden Park Rampura New Delhi-110035 have changed my name to Kulpreet Kaur. 0070669699-1

I, Km Deepa d/o Hira Singh r/o A-76, first floor, Jeevan Park, Uttam Nagar, Delhi-110059 have changed my name to Deepa Negi. 0040507524-4

I, Karuna Kharbanda D/O, Kishan Lal Kharbanda R/o A-42, first Floor, Rishi Nagar, Rani Bagh, Shakur Basti Rs, North-West Delhi, Delhi-110034, have changed my name to Karruna Kharbanda for all purposes. 0040507493-1

I, Kapil Parkash Sharma S/O, Suresh Kumar Sharma R/o H.No. 119, First Floor, Greenwood City, G Block, Huda Market, Sector 40, Gurugram (HR), have changed my name to Kapil Sharma for all purposes. 0040507486-1

I, Jagdish kumar, S/o-Lal Chand Chhabra, R/o Flat-280,3rd-floor Sector-A,pkt-B&C VasantKung,N.D-110070,have changed my name to Jagdish kumar Chhabra for all purpose. 0040507568-4

I, Sunil Kumar/Sunil Kumar Sholanki S/o Balram Singh R/o 106/1, Village Pooth Kalan, Delhi-110041, have changed my name to Sunil Solanki. 0040507244-3

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, Dharam Dev Ojha S/o Sh. Ram Dutt Ojha R/o B-35/6, Double Storey, Ramesh Nagar, New Delhi- 110015 declare that name of my and my wife has been wrongly written as Dharam Dev and Anita respectively in my minor son Ujjwal Ojha his 10th standard CBSE Marksheet. The actual name of my and my wife is Dharam Dev Ojha and Anita Devi Ojha respectively which may be amended accordingly. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**PUBLIC NOTICE**

Be known to all that my client Avtar Singh S/o Late Sh. Saudagar Singh and Smt. Taranjeet Kaur w/o Sh. Avtar Singh R/O 326/4 Govind Puri, Kalkaji, New Delhi 110019 has debarred /disowned their son Sh. Gurvinder Singh and daughter-in-law Yashika from their moveable and immoveable properties and severe all relations with them, due to their unpleasant acts and behavior and my client will not liable from any act/omissions/loan/Debt committed by the aforesaid persons in future.

VEENU MITTAL (Advocate)
ENR. NO. D-1749/2005

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, PATRIC MASSI EKKA a/o M L Richard Ekka r/o Staff Quarters, Air House, Nirman bhavan 23, Akbar Road, New Delhi 110011 declare that name of mine and my minor son has been wrongly written as PATRIC MASSI / PATRIC MESSY and WILSON P. MESSY in school records of my minor son, WILSON PATRIC MASSI, aged 14 years and of my daughter, NANCY PATRIC MASSI. The actual name of mine/ my son is PATRIC MASSI EKKA and WILSON PATRIC MASSI respectively.

**PUBLIC NOTICE**

Be it known that my clients Shri Bhagwan son of Late Shri Deep Chand & Smt. Nirmala Devi wife of Shri Bhagwan, both R/o Pole No. 49, Sultanpur Road, Village Karala, Delhi-110081, have been left/debar all relations from their son Sunil Kumar & his wife Priyanka from their all movable and immovable properties. Anybody dealing with them in civil and criminal matter shall be doing at his/her/their own risk, cost and responsibility.

Sd/-
Satyam Sisodia
Advocate

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to general public at large that my client Ravinder Singh S/o Late Jagat Singh R/o 24/13-A, Second Floor, Mall Road, Tilak Nagar, New Delhi-110018 do hereby disown and debar his Son Jasmeet Singh from all his movable and immovable properties with immediate effect because he is out of control of my client. Anybody dealing with him shall be doing so at his/her/their own risk cost and responsibility.

Sd/- B. B. N. DEO, ADVOCATE
SR-II,B.Campus,Janakpuri,N.Delhi-58

**PUBLIC NOTICE/DECLARATION**

IT IS INFORMED TO THE PUBLIC IN LARGE THAT MY CLIENT SMT. SUNITA GUPTA W/O LATE SH. SURESH GUPTA R/O O-42, KRISHAN VIHAR, SULTANPURI, C-BLOCK, NORTH WEST DELHI, DELHI- 110086 HAS DISOWNED DEBARRED AND DISINHERITED HER DAUGHTER NAMELY LATA FROM ALL HER MOVABLE AND IMMOVABLE PROPERTIES DUE TO HER BAD CONDUCT AND BEHAVIOR AND FALSE ALLEGATION MADE BY LATA AND HER IN LAWS FAMILY AND MY CLIENT SEVERED ALL RELATIONS FROM HER AS SHE IS NO MORE IN THE CONTROL OF MY CLIENT AND ANYBODY DEALS WITH HER MY CLIENT AND HER ALL FAMILY MEMBERS WILL NOT BE RESPONSIBLE IN ANY MANNER WHATSOEVER IN FUTURE.

PRATIMA SHARMA (ADVOCATE)
OFFICE AT F-144, GROUND FLOOR, DHARAM MARKET ROAD, KRISHAN VIHAR, DELHI-110086

**नाम परिवर्तन**

[illegible]

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी मुवक्किलान प्रदीप कुमार पुत्र श्री राजा राम एवं उनकी पत्नी मुन्ना रानी निवासी एफ-7/255, सुल्तानपुरी, दिल्ली-86, ने अपने पुत्र पवन से उसके दुर्व्यवहार, कहना न मानना एवं गलत आचरण के कारण उसे अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल करके तथा उससे अपने सभी पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में उसके किसी आपराधिक क्रियाकलाप (कार्य) तथा लेन देन से मेरे मुवक्किलान का कोई वास्ता नहीं होगा। अगर उससे कोई भी किसी भी प्रकार का लेन देन करता है तो उसका वह खुद जिम्मेवार होगा मेरी मुवक्किलान की इसमें कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

VISHAL SINGH
ADVOCATE
Enrl No. D-749/2014

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform to the general public at large that my client Mr. P N Jha S/o Late Shri S.N Jha resident of 12, Reading Lane, Talkatora Road, New Delhi-110001 is intend to purchase a residential Plot No. 49 & 49AL-2A Block, Mohan Garden, Uttam Nagar, New Delhi-110059 measuring area 120 sq. yards, belongs to Mr. Chirag Chopra, Son of Mr. Harish Chopra, and Mrs. Meenu Chawla W/o Mr. Prem Chawla, the present owners of above said property. A registered agreement to be executed in favour of to Mr. P N Jha. Anyone having any claim/objection in this regard may contact the undersigned within 7 days.

Rajarshi Jain (Advocate)
17, Lawyers chambers, Supreme Court of India, New Delhi-110001,
Mobile:- 8010348877

**PUBLIC NOTICE**

TO WHOMESOEVER IT MAY CONCERN, that my client Sh. Bale Ram, S/o. Late Sh. Sohan Lal, R/o. H. No. 1, Gali - 1, Village Bihari Pur, Delhi 110094, do hereby cancel, revoke and withdraw his wills, Gifts, notarized on 01.11.2011 and General Power of Attorney registered with Sub Registrar as Document No. 1474, Book No. 4, Vol. No. 10803, Pages from 185-189, and General Power of Attorney registered as Document No. 1475, Book No. 4, Vol. No. 10803, Pages from 190-194, both registered on 29.09.2011, executed by my client in favour of Sh. Prithvi Singh @ Sanjay, S/o. Sh. Bale Ram, R/o. Village Bihari Pur, Delhi 110094, in respect of certain properties acquired by my client from his own funds and source. If anyone deals with the aforesaid Prithvi Singh, in respect of the properties mentioned in the aforesaid documents, he/she shall be solely responsible for the same as Sh. Prithvi Singh @ Sanjay ceases and has no right, title or interest in the properties mentioned in the aforesaid documents.

Sd/-
KUMAR GAURAV (Advocate)
D/1117A/04
Ch. No. 822, Patiala House Courts, New Delhi-110001.


# स्कूटर व बाइकों का इस्तेमाल कर 2.60 लाख किलो चावल चुराए गए

## शिकायत मिलने पर सीबीआइ ने दर्ज की प्राथमिकी

नई दिल्ली, 12 अगस्त (भाषा)।

चोरी की आश्चर्यजनक घटना में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ) के कुछ अधिकारियों और एक निजी कंपनी ने स्कूटरों और मोटरसाइकिलों का इस्तेमाल कर लगभग 85 लाख रुपए मूल्य के 2.60 लाख किलो से ज्यादा चावल की कथित तौर पर चोरी कर ली। इतना ही नहीं, इन लोगों ने आंखों में धूल झोंकने के लिए कहा कि चावल की खेप ट्रकों में भेजी गई, लेकिन इन्होंने जो पंजीकरण नंबर दिए थे, वे स्कूटर और मोटरसाइकिल के निकले।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) ने जांच अपने हाथों में ले ली है और एफसीआइ से मिली शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। यह आरोप लगाया गया है कि सात मार्च 2016 से 22 मार्च 2016 के बीच असम के सल्चप्रा रेल टर्मिनल से 9,191 क्विंटल (9,19,100 किलो) चावल निजी ट्रांसपोर्टर जेनिथ एंटरप्राइजेज के 57 ट्रकों के जरिए मणिपुर के कोइरेंगेई भेजा गया। दो महीने बाद खेप 275.5 किलोमीटर की दूरी तय कर अपने गंतव्य पर पहुंची, जबकि इतनी दूरी तय करने में लगभग नौ घंटे ही लगते हैं।

जांच-पड़ताल में पता चला कि 16 वाहनों के जरिए भेजे गए 2601.63 क्विंटल (2,60,163 किलो) चावल की खेप के मामले में गबन किया गया जिसकी कीमत 84.98 लाख रुपए थी। चावलों की यह खेप कोइरेंगेई डिपो नहीं पहुंची, लेकिन कागजों में यह पहुंची हुई दिखा दी गई। ट्रांसपोर्टर ने शपथ पत्र में कहा कि विलंब ट्रकों में खराबी की वजह से हुआ जिसकी वजह से खेप दूसरे ट्रकों में चढ़ानी पड़ी।

आगे की जांच में पता चला कि खराब ट्रकों के जो पंजीकरण नंबर दिए गए थे, वे ट्रकों के नहीं, बल्कि एलएमएल और होंडा एक्टिवा स्कूटरों, मोटरसाइकिलों, पानी के टैंकरों, बस, मारुति वैन, कारों और काल्पनिक वाहनों (जिनका कोई पंजीकरण था ही नहीं) के थे। पंजीकरण नंबरों के रिकॉर्ड से पता चला कि लापता चावलों की 16,300 किलो और 10,000 किलो की खेप स्कूटरों के जरिए भेजी गईं और चुराए गए 16,300 किलो चावल की एक अन्य खेप एक मोटरसाइकिल के जरिए भेजी गई।

प्राथमिकी का ब्योरा देते हुए एक अधिकारी ने कहा, 'उक्त 2601.63 क्विंटल चावल कोइरेंगेई नहीं भेजा गया और इसका गबन किया गया, यह बात इस तथ्य से भी साबित होती है कि रिकॉर्ड में दर्ज वाहन नंबर, और खेप भेजने में शामिल उक्त 16 सड़क परिवहन परमिटों वाले वाहनों ने लींगांगपोक्पी पुलिस नाके और कीथेलमान्बी पुलिस नाका क्षेत्र में प्रवेश किया ही नहीं।'

प्राथमिकी में कहा गया है कि सल्चप्रा स्थित एफसीआइ शाखा के अधिकारियों आशीष कुमार पॉल और रजनीश कुमार ने चावल लोड किए बिना ही फर्जीवाड़ा कर ये 16 परमिट जारी कर दिए तथा ट्रांसपोर्टर जेनिथ एंटरप्राइजेज के प्रतिनिधि एल जॉनसन ने इन परमिटों पर फर्जी हस्ताक्षर किए। इसमें कहा गया है कि ट्रांसपोर्टर कंपनी के सोइबम सुरजीत ने ट्रकों के खराब होने और चावल दूसरे वाहनों में चढ़ाने के बारे में फर्जी हलफनामे पेश किए। अधिकारियों ने कहा कि कोइरेंगेई में पदस्थ अधिकारियों ने कथित तौर पर रसीद संबंधी फर्जी प्रविष्टियां कीं। ट्रांसपोर्ट कंपनी ने भी 16 ट्रकों के फर्जी बिल तैयार किए।

# द्विपक्षीय वार्ता के बाद चार समझौतों पर दस्तखत

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 अगस्त।

भारत और चीन ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों एवं लोगों के बीच संपर्क को और अधिक मजबूत करने के लिए सोमवार को चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए। सांस्कृतिक संबंधों एवं लोगों के बीच संपर्क पर भारत-चीन उच्चस्तरीय तंत्र की दूसरी बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके चीनी समकक्ष वांग यी के शरीक होने के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार की ओर से जारी बयान में कहा गया कि दोनों देशों ने सांस्कृतिक आदान प्रदान, स्वास्थ्य सुविधाएं, खेल और संग्रहालय प्रबंधन में सहयोग के क्षेत्र में चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए। दोनों देश सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण, सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन और पुरातात्विक धरोहर स्थलों के प्रबंधन को बढ़ावा देने पर सहमत हुए। जयशंकर और वांग यी ने पारंपरिक औषधि के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की अहमियत का जिक्र किया। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि दोनों नेता अपने राष्ट्रीय खेल एसोसिएशनों, खिलाड़ियों और युवाओं के बीच आदान प्रदान बढ़ाने पर सहमत हुए, ताकि अंतरराष्ट्रीय खेल कार्यक्रमों पर सहयोग मजबूत किया जा सके।

# कश्मीर के लोग अपने ही घरों में कैद हैं : येचुरी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 अगस्त।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी ने सोमवार को आरोप लगाया कि कश्मीर के लोगों को उनके ही घरों में कैद किया गया है। साथ ही उन्होंने सरकार को आगाह किया कि जम्मू-कश्मीर के दर्जे में बदलाव का असर विशेष दर्जा प्राप्त अन्य राज्यों में महसूस किया जाएगा। येचुरी ने लोगों को ईद-उल-अजहा के अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि उन्हें अब तक कश्मीर में अपने सहयोगियों की स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं है। येचुरी ने ट्वीट किया कि ईद खुशी और जश्न का पर्व है और हम कश्मीर की जनता के साथ हैं जिन्हें उनके ही घरों में कैद किया गया है।

# मौत के आगोश में जाकर भी मां ने नहीं छोड़ा डेढ़ साल के बेटे का हाथ

मलप्पुरम (केरल), 12 अगस्त (भाषा)।

केरल के कोट्टाकुन्नू के पास बचावकर्मी एक मृत मां और उसके मृत बच्चे के मर्मस्पर्शी दृश्य को देखकर खुद के आंसू रोक नहीं पाए। दो दिन पहले इस क्षेत्र में अभूतपूर्व बाढ़ आई थी और भीषण भूस्खलन हुआ था। बचाव कार्य एवं तलाश अभियान में जुटे कर्मियों ने कोट्टाकुन्नू के पास महिला और उसके बच्चे का शव निकाला। मृत मां ने अपने कलेजे के टुकड़े के हाथ को कसकर पकड़ा हुआ था।

समझा जाता है कि शुक्रवार दोपहर गीतू नामक यह महिला (21) अपने डेढ़ साल के बेटे ध्रुव का हाथ थामे हुए अचानक बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में आ गई। कई घंटे के तलाश अभियान के बाद रविवार को बचावकर्मियों ने सरत की पत्नी गीतू और उसके बच्चे का शव बरामद किया।

स्थानीय लोगों और बचाव अधिकारियों के लिए यह दृश्य देखना बड़ा मर्मस्पर्शी था। मां और बच्चा कीचड़ में दबे थे और दोनों ने एक-दूसरे का हाथ थाम रखा था। इस घटना में सरत बच गया। हालांकि सोमवार को उसकी मां सरोजिनी का भी शव बरामद कर लिया गया। सरत और उसका परिवार मलप्पुरम के कोट्टाकुन्नू में किराए के मकान में रहता था। पिछले सप्ताह भारी बारिश और भूस्खलन की घटना के कारण इलाके में चौतरफा तबाही का मंजर नजर आ रहा है।

# जंगली हाथियों ने ट्रक चालक को कुचला

रायगढ़, 12 अगस्त (भाषा)।

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में जंगली हाथियों ने एक ट्रक चालक को कुचल कर मार डाला है। रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ क्षेत्र के वन मंडल अधिकारी प्रणय मिश्रा ने सोमवार को यहां बताया कि जिले के छाल क्षेत्र में आज तड़के जंगली हाथियों ने एक ट्रक चालक को कुचलकर मार डाला है।

मिश्रा ने बताया कि धरमजयगढ़ क्षेत्र के छाल वन परिक्षेत्र के अंतर्गत घरघोड़ा मुख्य मार्ग पर बीती रात एक ट्रक खराब हो गया था, जिसके बाद ट्रक चालक ट्रक के भीतर केबिन में ही सो गया था। सोमवार तड़के जब जंगली हाथियों का दल वहां से गुजरा तब उन्होंने ट्रक में तोड़फोड शुरू कर दी। जब इस घटना से डर कर ट्रक चालक वहां से भागने लगा तब हाथियों ने कुचलकर उसको मार डाला। ट्रक चालक की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिले के निवासी सनोज राम (35 वर्ष) के रूप में हुई है।

अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद वन अमला घटनास्थल पर पहुंचा और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया। उन्होंने बताया कि मृतक सनोज राम अन्य राज्य का निवासी है। परिजनों के आने के बाद ही तत्कालिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

# दलित विरोधी है केंद्र सरकार : कांग्रेस

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 अगस्त।

कांग्रेस ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा दसवीं व 12वीं कक्षा के परीक्षा शुल्क में की गई भारी वृद्धि का कड़ा विरोध करते हुए आरोप लगाया है कि भाजपा की अगुआई वाली केंद्र की हुकूमत दलित विरोधी है। पार्टी ने कहा कि बीते छह वर्षों की अपनी हुकूमत में भाजपा की अगुआई वाली सरकार ने सबसे ज्यादा हमले दलित व आदिवासी समाज के साथ किए हैं। अब अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के दसवीं व 12वीं कक्षा के परीक्षा शुल्क में 250 फीसद की शुल्क वृद्धि कर इनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोमवार को जारी अपने एक बयान में केंद्र सरकार पर एक बार फिर संवेदनहीन होने का आरोप लगाते हुए कहा कि छात्रों के पंजीकरण शुल्क में वृद्धि के फैसले से इस बार नई पीढ़ी व देश के भविष्य पर वार हुआ है। उन्होंने कहा कि सीबीएसई ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों के लिए 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा शुल्क को 250 प्रतिशत बढ़ा दिया है। उन्हें अब 350 रुपए की जगह 1200 रुपए का शुल्क भरना होगा। इसी प्रकार सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए भी शुल्क की दरों में 100 फीसद तक की वृद्धि करते हुए इसे 750 रुपए से बढ़ाकर 1500 रुपए कर दिया गया है। सुरजेवाला ने कहा कि शोषण और असमानता से लड़ने व दलित और पिछड़ों को ताकत देने के लिए संविधान में आरक्षण की व्यवस्था की गई है लेकिन भाजपा सरकार देश को पीछे की ओर धकेल रही है।

# झारखंड में हजारों आदिवासी महिलाओं को गुजारना पड़ रहा 'दुखनी' का जीवन

## दुखनी यानी ऐसी स्त्री जो बिना ब्याह के घर में प्रवेश करती है

खूंटी (झारखंड), 12 अगस्त (भाषा)।

झारखंड के खूंटी के दूरदराज के आदिवासी इलाके में एक युवा दंपति कुंदुंगी मुंडी और कुदराइस संगा को पहली नजर में ही प्यार हो गया और वे साथ रहने लगे। जल्द ही उनके आंगन में एक प्यारी बेटी ने भी कदम रखा लेकिन दावत देने के क्रूर नियमों की वजह से वे विवाह नहीं कर सके और उन्हें वर्षों सामाजिक बहिष्कार का सामना करना पड़ा। उनके समाज ने कुंदुंगी पर 'दुखनी' महिला का ठप्पा लगा दिया। दुखनी यानी ऐसी स्त्री जो बिना ब्याह के घर में प्रवेश करती है। समाज ने अपने क्रूर नियम कानूनों के कारण न केवल उसे बल्कि अब पांच साल की हो चुकी बेटी को भी मान्यता देने से इनकार कर दिया।

हालांकि, इस साल जनवरी महीने में हालात तब बदले जब एक स्वयंसेवी संगठन ने सामूहिक विवाह के जरिए उन्हें अपने रिश्ते को समाज की निगाहों में कुबूल करवाने का मौका दिया। कुदराइस ने बताया, 'जब हमें इस सामूहिक विवाह के बारे में पता चला तो लगा कि सालों से आंखों में पल रहा सपना साकार हो गया। अब हम वैधानिक रूप से ब्याहता हैं और हमारे बच्चे को भी कानूनी मान्यता मिल गई है।'

कुंदुंगी और कुदराइस इन सामाजिक नियमों की जकड़न में फंस कर तिल-तिल घुटने वाले अकेले दंपति नहीं हैं। उनके जैसे हजारों युवा दंपति हैं जिनकी शादी को समाज ने महज इसलिए मान्यता नहीं दी क्योंकि उनके पास अपने समुदाय को दावत देने के लिए धन नहीं था। यह दावत अनिवार्य मानी जाती है और अगर इसे नहीं दिए जाने पर विवाह को सामाजिक मान्यता नहीं मिलती। गरीबी की दलदल और कर्जे के न खत्म होने वाले सिलसिले में फंसे इन आदिवासियों के लिए यह मुमकिन नहीं हो पाता कि वे ऐसी दावत का आयोजन कर सकें। इसका नतीजा निकलता है ऐसे शादी करने वाले जोड़े को सामाजिक बहिष्कार का सामना करना पड़ता है और इसकी सबसे अधिक मार पड़ती है ऐसा विवाह करने वाली महिला पर, जिसे 'दुखनी' करार दिया जाता है।

ऐसी 'दुखनी' को न तो सिंदूर लगाने की इजाजत होती है न ही चूड़ियां पहनने की। ऐसे ब्याह से पैदा हुए बच्चों को उनके पिता की संपत्ति से हिस्सा तक नहीं मिलता। दुखनी की तकलीफों का सिलसिला ताउम्र तो रहता ही है, मरने के बाद भी यह खत्म नहीं होता। दुखनी महिला को गांव के दक्षिणी इलाके में दफनाया जाता है, न कि उस जगह जहां सामान्य लोगों को मिट्टी दी जाती है।

- हजारों युवा दंपति हैं जिनकी शादी को समाज ने महज इसलिए मान्यता नहीं दी क्योंकि उनके पास अपने समुदाय को दावत देने के लिए धन नहीं था।
- गरीबी की दलदल और कर्जे के न खत्म होने वाले सिलसिले में फंसे आदिवासियों के लिए यह मुमकिन नहीं हो पाता कि वे दावत का आयोजन कर सकें।
- बिना दावत दिए शादी करने वाले जोड़े को सामाजिक बहिष्कार का सामना करना पड़ता है और इसकी सबसे अधिक मार पड़ती है ऐसा विवाह करने वाली महिला पर, जिसे 'दुखनी' करार दिया जाता है।

खूंटी के टोडंकेल गांव में 85 घर हैं, जहां कुंदुंगी और कुदराइस रहते हैं। कुदराइस ने कहा, 'हमारी सबसे बड़ी चिंता बड़ी हो रही बेटी को नहीं मिल रही सामाजिक मान्यता को लेकर थी। उसके कान वे इसलिए नहीं छिदवा पाए क्योंकि उसे सामाजिक मान्यता नहीं मिली थी। पूरे समाज को खाना खिलाने के लिए 50 हजार रुपए की जरूरत पड़ती, जिसे जुटा पाना उनके बूते की बात नहीं थी।' उन्होंने कहा कि इन 85 घरों के लोगों को दावत में मुर्गा और हंडिया (चावल से बनी स्थानीय मदिरा) परोसना जरूरी होता है।

गैरसरकारी संगठन 'निमित्त' की सचिव निकिता सिन्हा को जब इस सच का पता चला तो वे अवाक रह गईं। जब उन्होंने इस तकलीफ को समझना शुरू किया तो पता चला कि कई दंपति अपने जीवन में ऐसे बहिष्कार की पीड़ा को भोग रहे हैं और उनसे से कुछ के नाती पोते तक हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि वह तकरीबन 200 जोड़ों का विवाह करा चुकी हैं और इस काम के लिए उन्हें आदिवासी समुदाय के कड़े विरोध का भी सामना करना पड़ा। वे कहती हैं झारखंड में करीब 32 हजार गांव हैं और अगर हर गांव में ऐसे तीन से चार दंपति हैं तो पीड़ित परिवारों की संख्या एक लाख से अधिक हो सकती है। उन्होंने बताया कि उन्हें ऐसे दंपतियों की पहचान करने और उनका सामूहिक विवाह कराने के काम में बरसों लग गए।

खूंटी के कुमकुमा गांव में अपने दो बच्चों के साथ रह रहे सुमित्रा टूटी (24) और किशोर मुंडा(26) ने कहा कि निमित्त संगठन ने उनकी दुनिया को बदल दिया। लालमुनी कुमारी (65) ने कहा कि उन्होंने दुखनी की तकलीफ को देखते हुए ही तय किया वो शादी ही नहीं करेंगी। झारखंड में सहजीवन (लिव-इन रिलेशनशिप) की परंपरा मुंडा, उरांव और हो जनजातियों में खासतौर पर प्रचलित है।

झारखंड के मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बताया कि उन्होंने दूरदराज के इलाकों में बड़े स्तर पर विकास कार्य शुरू किए हैं और धीरे-धीरे हालात बदल रहे हैं। सरकार की कुछ योजनाएं है जिससे मदद हो सकती है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत तीस हजार रुपए की मदद की जाती है ताकि गरीब की बेटी की शादी हो सके।

मौसम
पूर्वानुमान: नगर में आसमान साफ रहने की संभावना।
तापमान: ▲ 33.5 डिग्री, ▼ 26.4 डिग्री
सूर्योदय: 05:46 सूर्यास्त: 07:08





चंडीगढ़, सेक्टर-20 की मस्जिद के बाहर सोमवार ईद का जश्न मुस्लिम समुदाय ने कुछ यूं मनाया। —जसबीर मल्ही

# एलांते मॉल में बम की सूचना से पुलिस के पसीने छूटे

## हजारों की संख्या में मौजूद लोगों में मचा हड़कंप, पुलिस ने सतर्कता के साथ मॉल कराया खाली

चंडीगढ़ 12 अगस्त (जनसत्ता)।





'बम होने की सूचना पर तुरंत पुलिस ने पूरे मॉल को खाली कराया और बम स्क्वाड ने चप्पे-चप्पे की तलाशी ली। दोपहर 1.15 बजे मॉल में शुरू तलाशी का काम शाम 5.50 बजे पूरा हुआ और फिर मॉल को आम लोगों के लिए खोल दिया गया। चंडीगढ़ पुलिस को कॉल कर झूठी सूचना देने वाले शख्स को नामजद कर लिया गया। पुलिस उस फर्जी कॉलर का सुराग लगा रही है।'
**निलांबरी जगदाले**, एसएसपी चंडीगढ़ पुलिस

स्वतंत्रा दिवस के मद्देनजर जहां पुलिस विभाग तैयारियों में जुटा है वहीं आज सोमवार स्थानीय एलांते मॉल में घूमने आए लोगों में तब अचानक हड़कंप मच गया जब मॉल में बम होने की जानकारी दी गई जिस पर पुलिस हरकत में आई और करीब साढ़े तीन घंटे की सघन तलाशी के बाद बम नहीं होने की पुष्टि के बाद जनता का डर कोरी अफवाह निकला, पुलिस ने भी राहत की सांस ली।

सोमवार दोपहर 1.00 बजे किसी अज्ञात शख्स ने वॉयस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल- वीओआईपी के जरिए यूटी पुलिस कंट्रोल रूम पर कॉल कर कहा कि एलांते मॉल में बम रखा गया है। सूचना के मिलते ही मॉल को कुछ ही देर में पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया और वहां मॉल में मौजूद हजारों लोगों को पुलिस ने ध्यानपूर्वक और सुरक्षित मॉल से बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस विभाग ने साढ़े तीन घंटे की सघन तलाशी ली परंतु पूरे मॉल में कही भी बम नहीं मिलने से कॉल फर्जी निकली।

जैसे ही मॉल में बम होने की सूचना पुलिस को मिली तो मौके पर ऑपरेशन सैल, एंटी सेबोटाज, बम डिस्पोजल टीम, क्राइम ब्रांच, क्यूआरटी के अलावा ईस्ट डिविजन के तमाम एसएचओ मॉल पहुंच गए। तुरंत एसएसपी निलांबरी जगदले भी पहुंचीं और वहां हजारों लोगों को देख अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए इस तलाशी अभियान को मॉक ड्रिल बताकर विश्वास में लिया और बाहर भेजना शुरू किया। पुलिस जब मॉल को खाली करा रही थी तब मॉल के बाहर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। ट्रैफिक पुलिस के डीएसपी जसविंदर सिंह ने स्थिति संभालते हुए एलांते की पार्किंग से निकल रहे ट्रैफिक को डाइवर्ट किया व बेरिकेडिंग कर लोगों की आवाजाही बंद करनी पड़ी।

# अंतरराष्ट्रीय नगर कीर्तन का भव्य स्वागत



पचंकूला, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

### गुरु साहिब की खड़ाऊ भी हैं शामिल

एसजीपीसी वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने बताया कि गुरु साहिब के जन्म स्थल से आए महान नगर कीर्तन में श्री गुरु नानक देव जी महाराज की खड़ाऊ भी शामिल हैं। गुरु साहिब की चरण छोह प्राप्त करने वाली इन ऐतिहासिक एवं पवित्र खड़ाऊ के दर्शन कर संगत स्वयं को सौभागयशाली बन रही है। उनके मुताबिक गुरुद्वारा साहिब की यह खड़ाऊ विशेष तौर पर कोट लखपत से मंगवाए गए हैं। इसके अलावा अन्य गुरु साहिबान कीऐतिहासिक निशानियां भी इस नगर कीर्तन में शामिल हैं।

श्री गुरु नानक देवजी के जन्म स्थान श्रीननकाना साहिब, पाकिस्तान से आरंभ हुए अंतर्राष्ट्रीय नगर कीर्तन का हरियाणा में भव्य स्वागत किया गया। सोमवार सुबह 3 बजे हरियाणा की सीमा पर एसजीपीसी वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुजीत सिंह विर्क, पूर्व मंत्री तोता सिंह, एसजीपीसी के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष जत्थेदार बलदेव सिंह कैमपुर, डेरा बस्सी से विधायक एनके शर्मा, असंध से विधायक बख्शीश सिंह विर्क, एसजीपीसी मैंबर जत्थेदार हरभजन सिंह मसाना, जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध, जत्थेदार बलदेव सिंह खालसा, शिरोमणि अकाली दल के हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष शरणजीत सिंह सोथा और धर्म प्रचार कमेटी सदस्य जत्थेदार तजिंदरपाल सिंह लाडवा सहित भारी संख्या में संगत ने गर्मजोशी से पुष्पवर्षा से नगर कीर्तन का स्वागत किया। नगर कीर्तन के अभिनंदन में उमड़े संगत के हजूम ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष शीश नवाया और गुरु साहिब की ऐतिहासिक निशानियों के दर्शन कर स्वयं को पुण्य भागीदार बनाया। ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाडा साहिब में पहुंचने पर संगत ने बोले सो निहाल सत्श्री अकाल और फूलों की बौछार करके नगर कीर्तन का स्वागत किया। यहां संगत को संबोधित करते हुए एसजीपीसी वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुजीत सिंह विर्क ने कहा कि श्री गुर नानक देव जी महाराज के जन्म स्थान से भारत देश में नगर कीर्तन का आना देशवासियों के लिए सौभाग्य की बात है। पंजाब के कोने-कोने से लाखों की तदाद में संगत ने नगर कीर्तन में शीश नवाया। संगत का उत्साह और श्रद्धा के सामने एसजीपीसी द्वारा किए गए प्रबंध भी सीमित नजर आ रहे हैं। मगर संगत का प्यार देख कर सभी कर्मचारी भी काफी उत्साह से लबरेज हैं। उन्होंने बताया कि ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री नाडा साहिब पंचकूला के बाद अंतर्राष्ट्रीय नगर कीर्तन डेरा बस्सी, लालड़ू, बलदेव नगर अम्बाला, ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री पंजोखरा साहिब अम्बाला, शहजादपुर, नारायणगढ़, सढौरा, बिलासपुर से होकर ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री कपाल मोचन साहिब पहुंचेगा। यहां रात्रि ठहराव के उपरांत नगर कीर्तन 10 अगस्त सुबह बिलासपुर, छछरौली, शेरपुर, खिजराबाद से होकर श्री पांवटा साहिब पहुंचेगा। पांवटा साहिब से होकर यह महान नगर कीर्तन देहरादून के लिए रवाना हो जाएगा।

# पत्नी पर चाकू से हमला करने वाला पति काबू

## ▌अवैध संबंधों के शक में वारदात को अंजाम दिया ▌पीड़ित महिला की हालत नाजुक

चंडीगढ़ 12 अगस्त (जनसत्ता)।

### महीने से रच रहा था साजिश

जानकारी मुताबिक आरोपी पति ने पुलिस को पूछताछ में बताया है कि वह एक महीने पहले से ही अपनी पत्नी को मारने की योजना बना रहा था जिसके तहत उसने एक महीने पहले चाकू खरीदा था और सोमवार को उसी चाकू से वारदात को अंजाम दे दिया। हालांकि पुलिस ने आरोपी से वारदात में इस्तेमाल चाकू, कटर और पेपर मौके से जब्त कर लिया।

चंडीगढ़ एयरपोर्ट लाइट पॉइंट के समीप आज सोमवार सुबह वहां गुजरते राहगीरों के बीच तब हड़कंप मच गया, जब एक पति ने अवैध संबंधों के शक में अपनी पत्नी पर तेजधार चाकू से हमला कर दिया और फिर मौके से फरार हो गया। लोगों ने मामले की सूचना तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम में दी और मौके पर पहुंचे पीसीआर वाहन ने सड़क पर लहूलुहान हालत में पड़ी पीड़ित महिला को सेक्टर-32 स्थित जीएमसीएच में भर्ती कराया जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

घायल महिला की पहचान हल्लोमाजरा वासी नीलम (35) के रूप में हुई है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया जिसकी पहचान हल्लोमाजरा वासी लाल बहादुर (40) के रूप में हुई। थाना पुलिस ने आईपीसी की धारा 307 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

अस्पताल में उपचारधीन नीलम की भाभी शीला ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि दोनों की शादी करीब 10 साल पहले हुई थी लेकिन शादी के कुछ साल बाद से ही दोनों में आए दिन खटपट रहने लगी जिस कारण पत्नी ने उससे अलग रहना शुरू कर दिया। नीलम के पति को शक है कि उसकी पत्नी का किसी के साथ अवैध संबंध है। रोज की ही तरह सोमवार को भी आरोपी सुबह अपने काम पर निकला था कि रास्ते में उसने अपनी पत्नी के गर्दन और सिर पर चाकू से हमला कर दिया जिसमें वह बुरी तरह जख्मी होकर जमीन पर गिर गई। पुलिस का कहना है कि घायल नीलम अभी बयान देने की हालत में नहीं है जैसे ही वह ठीक होगी, उसके बाद मामले में खुलासा हो सकता है। वह अभी अस्पताल में ही उपचााराधीन है।

पुलिस आरोपी को अब जिला अदालत में पेश करेगी।

# मुलाना के विधायक को थप्पड़ मारने वाला युवक काबू

अंबाला, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

आज सोमवार दोपहर मुलाना से भाजपा विधायक को एक युवक ने थप्पड़ मार दिया जब वह मुलाना हलके के गांव सरदेहरी में एक सभा को संबोधित करने के बाद लोगों से मिल रही थीं। हमलावर की पहचान इसी गांव वासी तलविंदर सिंह के रूप में हुई।

जानकारी के अनुसार विधायक जब लोगों से मिल रही थीं तभी तलविंदर अचानक वहां आया और विधायक पर हमला कर दिया। भाजपा कार्यकताओं ने हमलावर को काबू कर लिया और जमकर उसकी पिटाई की और बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। बताया जाता है कि युवक मानसिक रूप से कमजोर है और उसका इलाज चल रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक जोरवाल का कहना है कि युवक को गिरफ़्तार कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# थोक कपड़ा बाजार के अग्निकांड में तीन दुकानें खाक

अंबाला, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

अंबाला शहर स्थित थोक कपड़ा बाजार में तीन दुकानें आज सोमवार सुबह भीषण आग की चपेट में आ जाने से वहां ाखों रुपए मूल्य का कपड़ा खाक हो गया। मौके पर पहुंचे करीब एक दर्जन दमकल वाहनों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आज सोमवार सुबह जब कुछ लोगों ने एक दुकान के अंदर से धुआं उठते देखा तो उसके मालिक और दमकल विभाग को इत्तेलाह दी। आग इतनी भीषण थी की धुआं दूर से देखा जा सकता था। अंबाला के थोक कपड़ा बाजार में करीब 700 दुकानें हैं और यह प्रदेश के सबसे बड़ी थोक कपड़ा मार्केट है। यहां रोजाना हरियाणा के अलावा पंजाब और समीपवर्ती चंडीगढ़ से बड़ी संख्या में लोग कपड़ों की खरीदारी करने आते हैं।

आग लगने की जानकारी मिलते ही बाजार में अफरातफरी मच गई। दुकानदार घरों से अपने दुकानों पर पहुंचने लगे थे। लोगों को आशंका थी कि यदि आग आसपास की दुकानों में फैली तो संभालनी मुश्किल हो जाएगी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और सड़क पर यातायात रोक दिया गया। दमकल कर्मियों को दुकान की छत पर चढ़कर एक दीवार तोडनी पड़ी ताकि दुकानों के भीतर पानी डाला जा सके। अंबाला की सबसे ज्यादा पुररौनक कपड़ा बाजार होने के कारण देखते ही देखते सैकड़ों की तादाद में लोग मौके पर जमा हो गए।

आग लगने की सही वजह का अब तक खुलासा नहीं हो पाया। कहा जा रहा है कि आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी `एक ऐसे ही दुकानदार ने बताया कि उसकी दुकान को लेकर उसका किसी से विवाद चल रहा है और वह उसकी दुकान हथियाना चाहता है। इस पर पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही इस अग्निकांड की असल वजह का खुलासा होगा।

# जोश, उत्साह के साथ होगा जन आशीर्वाद यात्रा का आगाज

## 18 अगस्त को कालका से होगा आगाज, हर दिन के यात्रा प्रमुख नियुक्त

चंडीगढ़, 12 अगस्त (जनसत्ता)।



### हर दिन की यात्रा के बने प्रभारी

मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जन आशीर्वाद यात्रा 18 अगस्त से प्रारंभ होगी, जिसमें हर दिन की यात्रा के प्रभारी बनाए गए हैं। 15 दिन की इस यात्रा के दौरान यह प्रभारी उनको निर्धारित दिन को लेकर पूरी रूपरेखा की अगुवाई करेंगे। जानकारी के अनुसार 18 अगस्त की यात्रा के प्रभारी राजीव जैन, 19 अगस्त को अशोक सुखीजा, 20 अगस्त को सत्यवान शेरा, 22 अगस्त को धुमन सिंह किरमिच, 23 अगस्त को वीरकुमार यादव, 25 अगस्त को संजय शर्मा, 27 अगस्त को मुकेश गौड, 28 अगस्त को ललित बत्रा, 29 अगस्त को जवाहर सैनी, 31 अगस्त को अजय गौड, 1 सितंबर को जगदीश चोपडा, 2 सितंबर को दीपक मंगला, 4 सितंबर को मनीष मित्तल, 5 सितंबर को गोबिंद भारद्वाज व 6 सितंबर को कर्णसिंह रानौलिया को प्रभारी नियुक्त किया गया है।

आगामी विधानसभा चुनाव में मिशन 75 पार के लिए कमर कस चुकी भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जन आशीर्वाद यात्रा को मजबूती के साथ जमीन पर उतारने का खाका तैयार कर लिया है। प्रदेश में माहौल बनाने की दिशा में इस अहम कदम के लिए व्यवस्था प्रमुख, टोली प्रमुख से लेकर एक-एक दिन की यात्रा के प्रमुख भी नियुक्त किए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक आमजन को भाजपा विचारधारा के साथ जोडा जा सके।

प्रदेश में आचार संहिता लगने से पूर्व ही भाजपा पूरे प्रदेश में हर विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जन आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से पहुंचने की पूरी तैयारी कर चुकी है। प्रदेश व्यवस्था टोली की अगुवाई सांसद एवं प्रदेश महामंत्री संजय भाटिया करेंगे, जबकि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कैथल व कुरूक्षेत्र जिला में यात्रा की व्यवस्था देखेंगे, जबकि सांसद नायब सिंह सैनी करनाल, पानीपत, सोनीपत व जींद, विधायक डा कमल गुप्ता सिरसा, फतेहाबाद व हिसार, प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद यादव फरीदाबाद, मेवात, गुरूग्राम, पलवल, रेवाडी व महेंद्रगढ व जेपी दलाल भिवानी, चरखी दादरी, रोहतक व झज्जर जिला की व्यवस्था संभालेंगे।

यात्रा के सुनियोजित संचालन के लिए संबंधित जिलाध्यक्ष जिला व्यवस्था प्रमुख बनाए गए हैं। इसी प्रकार यात्रा समापन पर विजय संकल्प रैली के प्रमुख के तौर पर संयुक्त रूप से प्रदेश महामंत्री एडवोकेट वेदपाल एवं राज्यमंत्री मनीष ग्रोवर, प्रचार-प्रसार टोली जवाहर यादव, साहित्य निर्माण टोली प्रमुख भारत भूषण मिड्डा, रथ व्यवस्था व सज्जा प्रमुख प्रवीण जैन व नितिन नारंग, मीडिया व्यवस्था टोली में मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जैन, अमित आर्य, सूरजपाल अम्मू, राजीव जेटली व रणदीप घनघस, सोशल मीडिया अरूण यादव व पुनीत अरोडा, कार्यकर्ता व सहयोगी भोजन प्रमुख जीएल शर्मा, कार्यकर्ता एवं सहयोगी आवास व्यवस्था प्रमुख विशाल सेठ, यात्रा रूट सज्जा व यात्रा सज्जा प्रमुख मनीष यादव, चिकित्सा टोली डा वेद बैनीवाल, प्रेरक गीत प्रमुख संजय भसीन की जिम्मेदारी तय की गई है।

# श्रीमती कृष्णा खेतान स्मारक जूनियर बेडमिंटन मुकाबले आज से

चंडीगढ़, 12 अगस्त (जनसत्ता)।




श्रीमती कृष्णा खेतान स्मारक 28वें अखिल भारतीय जूनियर रैंकिंग प्राइज मनी बेडमिंटन टूर्नामेंट- 2019 कल मंगलवार से पंचकूला के सेक्टर-3 स्थित मल्टीपरपज इंडोर स्टेडियम-ताऊ देवी लाल स्पोर्ट्स कांप्लेक्टस में शुरू होगा। यह जानकारी आज सोमवार आयोजकों की ओर से दी गई। प्रतिष्ठित जूनियर बेडमिंटन मुकाबलों का आयोजन 28वें वर्ष में प्रवेश कर गया है।

संजीव सचदेव, भारत के पूर्व मुख्य जूनियर कोच एवं बीएआई की जूनियर चयन समिति में सदस्य व बीएआई में सलाहकार ने बताया, 'क्वालिफाइंग राउंड में इस साल 900 से ज्यादा प्रविष्टियां आईं हैं जो 13-14 अगस्त को होंगे। इन मुकाबलों का मेन ड्रॉ 15 से 18 अगस्त, 2019 के बीच चलेगा, जिनमें सिंगल्स के तहत टॉप 16 खिलाड़ी व डबल्स के तहत टॉप आठ युगल हिस्सा लेंगे। ये मुकाबले दरअसल, वर्ल्ड जूनियर मुकाबलों के लिहाज से दो चयन मुकाबले होंगे।'

कल मंगलवार मुकाबलों के पहले दिन सुबह 9.00 बजे क्वालिफाइंग राउंड के लिए यू. विमल कुमार, पूर्व राष्ट्रीय बेडमिंटन चैंपियन एवं राष्ट्रीय कोच मुख्यातिथि होंगे जबकि संजय महाजन, चीफ इंजीनियर- एचपीएचसी और एके रैना, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर- एचएसवीपीबतौर माननीय अतिथि उपस्थित रहेंगे। फिर 15 अगस्त को ओपनिंग सेरेमनी में पंचकूला के स्थानीय विधायक एवं हरियाणा सरकार में मंत्री ज्ञानचंद गुप्ता मुख्यातिथि होंगे। गुजरात से बतौर चीफ रेफरी विनोद शाह होंगे।

बताया गया कि बेडमिंटन मुकाबलों के क्वालिफाइंग राउंड कल मंगलवार सुबह 9.00 बजे से शुरू होंगे। इनका आयोजन हर साल यहां एक्सप्रेस शटल क्लब ट्रस्ट की ओर से हरियाणा बेडमिंटन एसोसिएशन और योनेक्स सनराइज के दशकों पुराने सहयोग से होता आया है। इस बार विजेता खिलाड़ियों को उपहार स्वरूप चार लाख रुपए की राशि रखी गई है। बेडमिंटन मुकाबलों के लिए इस वर्ष हरियाणा की बेस्ट प्लेयर (लड़की) के लिए एक नई ट्रॉफी शामिल की गई है जिसे तमिलनाडू की पूर्व स्टेट प्लेयर नीरा दत्त के नाम पर शुरू किया गया है। इसमें लाइव स्कोरिंग की खूबी भी शामिल की गई है।

# हरियाणा में तो अब तक उलटा ही पड़ता आया गठबंधन का पासा

चंडीगढ़, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

- सियासी दलों ने गठबंधन से सत्ता तो हासिल की पर धर्म नहीं निभाया
- बसपा की छवि मौकापरस्त राजनीतिक दल की बनी
- पहली बार गठबंधन के साथ लड़ेगी विधानसभा चुनाव

हरियाणा में विधानसभा चुनाव की आहट के साथ ही गठबंधन की राजनीति का दौर फिर से शुरू हो गया है। हरियाणा में अपनी राजनीतिक विश्वसनीयता गंवा चुकी बहुजन समाज पार्टी ने रविवार को एक बार फिर से जननायक जनता पार्टी के साथ गठबंधन करके नए समीकरणों को जन्म दे दिया है। हालांकि बसपा द्वारा दो साल से भी कम समय में तीसरी बार गठबंधन किए जाने को लेकर हरियाणा में बसपा का पारंपरिक वोट बैंक अब खिसकता जा रहा है लेकिन हरियाणा के अस्तित्व में आने से लेकर आजतक गठबंधन की राजनीति कभी भी लंबी नहीं चली है। हरियाणा की राजनीति में विरोधियों के साथ गठबंधन करके सत्ता की सीढ़ी चढने की परंपरा राज्य बनने के साथ ही शुरू हो गई थी।

राजनीतिक रूप से आपात स्थिति में देवीलाल, बंसीलाल और भजनलाल सरीखे नेताओं ने गठबंधन से गुरेज नहीं किया, लेकिन गठबंधन की सरकारों ने कभी अपना शासन काल पूरा नहीं किया। प्रदेश में अब तक हुए राजनीतिक दलों के गठबंधनों के टूटने का मुख्य कारण इनका नेतृत्व करने वाले नेताओं की निजी महत्वाकांक्षाएं हैं। हरियाणा में बहुजन समाज पार्टी की स्थिति हमेशा मौकाप्रस्त राजनीतिक दल की रही है।

**जब भजनलाल ने गिराई थी देवीलाल की सरकार:** हरियाणा गठन के एक साल बाद राव बीरेंद्र सिंह ने 1967 में हरियाणा विशाल पार्टी का गठन करके सत्ता हासिल की। कुछ समय बाद उनके दो विधायकों गया राम और हीरानंद आर्य ने मोर्चा खोल दिया। सबसे पहले वर्ष 1977 में देवीलाल के नेतृत्व में महागठबंधन बना। जिसमें कई राजनीतिक दलों और वरिष्ठ नेताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस गठबंधन ने सत्ता भी हासिल कर ली। कुछ समय बाद भजनलाल ने विधायकों को अपने साथ ले लिया और देवीलाल की सरकार गिरा दी। वर्ष 1980 में भजनलाल कांग्रेस में शामिल हो गए और सरकार बना ली।

**भाजपा के कारण गिरी थी चौटाला व बंसीलाल की सरकार:** भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 1987 में देवीलाल के साथ गठबंधन करके सरकार बनाई। इसके बाद राजनीतिक घटनाक्रम के बीच ओम प्रकाश चौटाला मुख्यमंत्री बन गए। बीजेपी ने गठबंधन तोड़ लिया और सरकार अल्पमत में चली गई। 1996 में बंसीलाल ने कांग्रेस से अलग होकर हरियाणा विकास पार्टी बनाई और बीजेपी के साथ गठबंधन करके सत्ता में आ गए। वर्ष 1999 में बीजेपी ने समर्थन वापस लिया तो बंसीलाल की सरकार चली गई। इस बीच कुछ समय के लिए इंडियन नैशनल लोकदल (इनेलो) और बीजेपी का गठबंधन हुआ तो चौटाला भी सत्ता की सीढ़ी चढ़ गए। यह गठबंधन भी लंबा नहीं चला। हरियाणा में इनेलो सरकार अल्पमत में आ गई और उसने केंद्र में बीजेपी से समर्थन वापस ले लिया। इस बीच हुए लोकसभा चुनाव के दौरान इनेलो ने बीएसपी के साथ गठबंधन किया। यह गठबंधन भी लंबा नहीं चल सका।

**मतभेद की भेंट चढ़े भाजपा-इनेलो व भाजपा हजकां गठबंधन:** हरियाणा में गठबंधन की राजनीति कुछ समय के लिए शांत रही, लेकिन 2008 में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बीजेपी और इनेलो ने गठबंधन तो किया लेकिन यह भी ज्यादा लंबा नहीं चल सका। 2009 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान हरियाणा जनहित कांग्रेस और बीजेपी का गठबंधन हुआ। इस गठबंधन में भी वैचारिक मतभेद पैदा हो गए। 2014 में हुए चुनाव के दौरान भी हरियाणा जनहित कांग्रेस और बीएसपी के बीच गठबंधन हुआ। यह गठबंधन भी लंबा नहीं चला।

**बसपा ने दो साल में किया तीसरा गठबंधन:** बहुजन समाज पार्टी ने वर्ष 2018 में इंडियन नेशनल लोकदल के साथ गठबंधन किया। जींद में हुए उपचुनाव के बाद यह गठबंधन टूट गया और बसपा ने राजकुमार सैनी के नेतृत्व वाली लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के साथ गठबंधन कर लिया। सैनी के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लडने. वाली बसपा का यहां भी जल्दी मोहभंग हो गया और बसपा ने लोसुपा के साथ गठबंधन तोड़ लिया। लोकसभा चुनाव के दौरान जननायक जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी के बीच भी गठबंधन हुआ था लेकिन यह गठबंधन भी चुनाव के साथ ही खत्म हो गया। अब बसपा ने विधानसभा के मद्देनजर जननायक जनता पार्टी के साथ गठबंधन किया है।


बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक
www.bankofbaroda.in

बड़ौदासन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड
की ओर से
भर्ती सूचना

बड़ौदासन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी द्वारा निम्नलिखित पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया जाता है.

| क्र.सं. | पद | रिक्तयों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | डाटा एनालिस्ट | 4 |
| 2. | डाटा मैनेजर | 2 |
| 3. | डाटा इंजीनियर | 4 |
| 4. | बिजनेस एनालिस्ट | 2 |
| 5. | मोबिलिटी एंड फ्रंट एंड डेवलपर | 6 |
| 6. | इन्टीग्रेशन एक्सपर्ट | 2 |
| 7. | इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज एक्सपर्ट | 4 |
| 8. | टेक्नोलॉजी आर्किटेक्ट | 1 |
| | कुल | 25 |

विस्तृत विज्ञापन के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in (कैरियर पेज) देखें. योग्य इच्छुक उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे पात्रता मानदंडों को सावधानीपूर्वक पढ़ें और आवेदित पद हेतु अपना विस्तृत सीवी, संबंधित योग्यता / अनुभव / एक्सपोजर का ब्यौरा देते हुए दिए गए लिंक पर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 2 सितंबर, 2019 (23:59 बजे तक) है.

स्थान : वडोदरा
दिनांक : 13.08.2019
प्रमुख – मा.सं. परिचालन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा

## धांधली के बाद सरकार ने रद्द कर दी परीक्षा

### पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा

शिमला, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

पुलिस कांस्टेबल भर्ती की लिखित परीक्षा में धांधलियां सामने आने के बाद प्रदेश सरकार ने लिखित परीक्षा को ही रद्द कर दिया है। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने आज यहां एलान किया लिखित परीक्षाएं अब नए सिरे से होंगी, इसके लिए कोई फीस नहीं ली जाएगी। कहा कि पूरे मामले की जांच के लिए एसआइटी का गठन कर दिया गया है और सरगना अभी पुलिस के हाथ नहीं लगा है।

उन्होंने कहा कि पुलिस ने बड़ी रकम पकड़ी है और मामले में किसी को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह कितना ही ताकतवर क्यों न हो। जय राम ठाकुर ने कहा कि बीते रोज पुलिस भर्ती परीक्षा में कुछ बाहरी लोगों के परीक्षा केंद्र के आसपास व परीक्षा केंद्र के अंदर किसी अन्य नाम से परीक्षा देते हुए पकड़े जाने की जांच के लिए उप-मंडल पुलिस अधिकारी पालमपुर के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया है व परीक्षा को तुरंत रद्द कर दिया गया ताकि प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो।

आज यहां गेइटि थियेटर में संस्कृत अभिनंदन समारोह के उपरांत पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि लिखित परीक्षा से पहले ही कांगड़ा में गुप्त सूचना मिली थी कि प्रदेश के बाहर के राज्यों के कुछ लोग अन्य लोगों के स्थान पर लिखित परीक्षा देने की योजना बना रहे हैं, जिसके आधार पर परीक्षा शुरू होने से पहले ही तीन लोगों को पुलिस ने धर लिया था जबकि दो अन्य को परीक्षा केंद्र से गिरफ्तार किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी दौरान परीक्षा केन्द्र के आसपास संदिग्ध हालात में घूमती एक हरियाणा के नंबर की गाड़ी को पकड़ा गया, जिसमें नकल करने के उपकरणों से लैस तीन बनियानें बरामद की गईं और ज्वाली क्षेत्र में मुख्य सरगना के घर से पुलिस ने 11 लाख रुपए भी बरामद किए। उन्होंने कहा कि अब तक कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें से तीन हिमाचल प्रदेश के 10 बाहरी राज्यों से है। पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रतियोगी परीक्षा के लिए अपनाई जाने वाली बेहतर प्रणाली का प्रयोग करें और इसी आधार पर पुलिस भर्ती के लिए दोबारा लिखित परीक्षा का आयोजन करें, जिसके लिए उम्मीदवारों को कोई अतिरिक्त फीस नहीं देनी होगी।

आईजी एटीपी हिमांशु मिश्रा ने कहा कि सभी 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है व उन्हें अदालत में पेश किया गया। अदालत ने सभी आरोपियों को 16 अगस्त तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

बीते रोज एक हजार से ज्यादा कांस्टेबल के पदों के लिए 39 हजार से ज्यादा युवक-युवतियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों में लिखित परीक्षा दी थी। मिश्रा के मुताबिक, इनमें से कांगड़ा में 11378, शिमला में 2576, चंबा में 3115, ऊना में 2935, हमीरपुर में 2514, बिलासपुर में 2471, मंडी में 7357, कुल्लू में 1794, लाहुल स्पिति में 25, किन्नौर में 200, सोलन में 1989 और सिरमौर में 2485 लोगों ने परीक्षा दी लेकिन बीच में धांधली हो गई व लिखित परीक्षा को रद्द कर दिया गया। सरकार व पुलिस की फजीहत पुलिस भर्ती के लिए लिखित परीक्षा में दूसरे की जगह पेपर देने व तकनीक के आधार पर धांधली मचाने के इस मामले से प्रदेश सरकार व पुलिस की बहुत फजीहत हुई ह। प्रदेश पुलिस अरसे से संदेह के घेरे में है जब पुलिस विभाग अपने ही विभाग में हो रही भर्ती में धांधलियां नहीं रोक पा रहा है तो वह बाकी जगह क्या कर पाएगा।

एक हजार से ज्यादा कांस्टेबलों की ये भर्ती प्रक्रिया विवादों में रही। शरीरिक परीक्षा के दौरान तीन हजार युवा व युवतियों को पहले ही फीस के नाम पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित किया जा चुका। युवाओं के खातों से फीस की रकम पुलिस विभाग के खातों के लिए चली गई लेकिन सर्वर की वजह से वहां नहीं पहुंची तो पुलिस ने एक युवाओं व युवकों को परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जबकि इन युवकों ने बैंक की स्टेटमेंट भी अधिकारियों को दिखाई। पुलिस की साख गुडिया कांड से लेकर अब तक संदेह के घेरे में है। शिमला में ही एक चलती कार में कथित दुष्कर्म मामले की जांच अभी तक पूरी नहीं हुई। चंबा में नशा तस्करी मामले में विधानसभा के उपाध्यक्ष हंसराज ने पुलिस पर संगीन आरोप लगाए हैं और अब यह एक नया कांड हो गया।

### कांग्रेस बोली, बेरोजगारों के साथ अन्याय

**शिमला:** प्रदेश कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि रोजगार के लिए लिखित परीक्षा को आयोजित करने के बाद उसे रद्द करना प्रदेश के पढ़े- लिखे गरीब बेरोजगारों के साथ एक बड़ा धोखा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौर ने कहा है कि यह प्रशासन की पूरी तरह की विफलता है,जो इन परीक्षार्थियों को भुगतनी पड़ी है। परीक्षा के लिए जो मापदंड तैयार किये जाते है उस में साफ तौर पर कौताही बरती गई है। उन्होंने कहा है कि इस पूरे मामले की जांच कर इस के पीछे सरगनाओं के नाम उजागर किये जाने चाहिए।कहीं इस के पीछे कोई राजनीतिक सरंक्षण तो नहीं,जो अपने लोगों को परीक्षा में सफल करवाने के लिये उनकी जगह किसी अन्यों को बिठाया गया था। राठौर ने सरकार से मांग की है कि इस पुलिस भर्ती के लिये आए प्रदेश के उन युवाओं को आने जाने का पूरा खर्चा वहीं सहित आगे होने वाली इस भर्ती परीक्षा का होने वाला उनका खर्चा भी प्रदान किया जावे। प्रशासन की विफलता का खामियाजा आखिर बेरोजगार युवा क्यों भुगते।

### मुन्ना भाई पांच दिन के पुलिस रिमाड पर

**धर्मशालाः** पुलिस कांस्टेबल भर्ती की लिखित परीक्षा में कांगड़ा जिले के परौर केंद्र से काबू किए 13 आरोपियों को अदालत ने आज सोमवार पांच दिन के पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने रविवार को प्रदेश के असल अभ्यर्थियों की जगह परीक्षा देने जा रहे जिन युवकों को गिरफ्तार किया था उनमें हिमाचल से तीन, हरियाणा से सात, उत्तर प्रदेश से दो और एक राजस्थान का है। पूछताछ के बाद पुलिस इनको 16 अगस्त को फिर अदालत में पेश करेगी। कांगड़ा के पुलिस अधीक्षक विमुक्त रंजन के मुताबिक सभी आरोपियों के विरुद्ध भवारना थाने में धारा 420 और 411 के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अब तक वायरिंग, मोबाइल उपकरणों और ईयर फोन के साथ चार विशेष रूप से गढ़े गए पुर्जों को आरोपियों से जब्त करने के साथ की हरियाणा की नंबर प्लेट वाली एक गाड़ी को भी जब्त किया है। जिला पुलिस प्रमुख ने बताया कि आरोपियों के आपराधिक रिकार्ड का पता लगाने के लिए हरियाणा, यूपी और राजस्थान पुलिस से संपर्ककायम किया जा रहा है तथा इस मामले में अन्य संदिग्धों और मुख्य सरगना के संभावित ठिकानों पर छापे जारी हैं। उन्होंने कहा कि पालमपुर के डीएसपी अमित शर्मा के नेतृत्व में गठित विशेष जांच दल साक्ष्य एकत्रित करने में जुटा है।



मंडी में सावन के आखिरी सोमवार को बाबा भूतनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की। फोटो : बीरबल शर्मा

## धारा 118 पर जुबानी जंग तेज

हमीरपुर, 12 अगस्त (जनसत्ता)

हिमाचल में धारा 118 को लेकर सत्ता पक्ष-प्रतिपक्ष में जुबानी जंग तेज हो गई है। आज सोमवार कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार धारा 118 के साथ एक बार खिलवाड़ करने का जिगरा तो दिखाए, फिर हम बताएंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जीत के बाद भाजपा नेता अहंकार में चूर हैं व उसके चलते मनमानी पर उतारू हैं।

कौशल ने कहा कि बाहरी लोगों को प्रदेश में जमीनें बांटने के सरकार के मनसूबों पर कांग्रेस का विरोध देख भाजपा में बौखलाहट है। भाजपा के सहयोगी अकाली दल के मुखिया सुखबीर सिंह बादल का बयान स्पष्ट करता है कि भाजपा के जिगरी यार यानी बाहरी लोग हिमाचल की जमीन पर गिद्धदृष्टि गड़ाए हैं।

दूसरी ओर भाजपा अध्यक्ष का यह दावा कि कांग्रेस सरकार ने पांच बार 118 से छेड़छाड़ की, सर्वथा अनुचित बयान है। यदि सरकार को लगता है कि पूर्व में भू आवंटन गलत हुआ है तो उसे उजागर कर रद्द कराए। इससे पूर्व में भी भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश की जमीनें बाहरी लोगों के हाथ लुटाई जाती रहीं और अकेले सोलन में ही करीब 7 निजी विवि खोलने के लिए जमीनें दी गईं। जहां तक कांग्रेस के 'हिमाचल बचाओ' आंदोलन का सवाल है तो भाजपा निश्चिंत रहे, वह भी जोरदार ढंग से चलेगा। कांग्रेस में गुटबाजी पर दिया भाजपा अध्यक्ष का बयान राजनीतिक है क्योंकि कांग्रेस एकजुट है और इसके प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौर तथा नेता प्रतिपक्ष मुकेश अग्निहोत्री सहित सभी आला नेता बेहतर तालमेल में काम कर रहे हैं जबकि कांगड़ा और हमीरपुर में भाजपा की फूट आए दिन अखबारों की सुर्खियां बनती है।

## पैराग्लाइडिंग से हुई पर्यटक की मौत पर ग्लाइडर मालिक गिरफ्तार

कुल्लू, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

मनाली के सोलंग नाला में रविवार को हैदराबाद के मेडिकल कॉलेज के छात्र की पैराग्लाइडिंग करते वक्त ग्लाइडर के क्रैश होने से मौत हो गई थी। 25 साल का यह पर्यटक लखाचंद्र रेड्डी हैदराबाद से मनाली घूमने आया था। कुल्लू घाटी में इनदिनों पर्यटन विभाग द्वारा हर साल बरसात के मौसम को देखते हुए 15 जुलाई से 15 सितंबर तक पैराग्लाइडिंग और रिवर राफ्टिंग पर प्रतिबंध लगाया है, लेकिन कुल्लू जिला में प्रतिबंध के बावजूद पर्यटकों को पैराग्लाइडिंग करवाई जा रही थी। पुलिस ने ग्लाइडर मालिक पर धारा 304 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। एसपी कुल्लू गौरव सिंह ने पर्यटको से आग्रह किया कि वह ऐसी अवैध साहसिक गतिविधियों से मानव जीवन को खतरे में न डाले।

## कई स्थानों पर हलकी बरसात

**शिमलाः** पिछले 24 घंटों में प्रदेश में मानसून के कमजोर रहने के बावजूद अनेक स्थानों पर बारिश हुई है। आज दिन को भी प्रदेश में कुछ ही स्थानों पर हलकी बारिश हुई जबकि मौसम विभाग ने मैदानी व मध्य हिमाचल में कई जगहों पर भारी बारिश की संभावना जताई थी। बीती रात नगरोटा सूरियां में 58 व गुलेर में 55 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। धर्मशाला में 43, नादौन में 29, सुंदरनगर, खदराला और बैजनाथ में 20, देहरा गोपीपुर में 18, मेहरे व कोटखाई में 15, गगल में 14, राजगढ़ में 13, सुजानपुर टीहरा में 11, शिमला में 9, हमीरपुर, जोगेंद्रनगर व रामपुर में 7 पालमुपर, गोहर, जंजैहली और मंडी में 5 तिलीतीटर बारिश दर्ज की गई है।

विभाग ने आज दिन को धर्मशाला में 1, ऊना में 3, बंगाधा में 11 और फागू में तीन मिलीमीटर बारिश दर्ज की है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में प्रदेश के मैदानी व मध्य हिमाचल में कई स्थानों पर भारी बारिश कीचेंतावनी जारी की है।




## 'सीएम साहब मेरे मासूम बच्चों का पता लगवाओ'

### पत्नी 20 दिन पहले बच्चों के साथ लापता, पुलिस प्रशासन नहीं कर रहा सहयोग

मंडी, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

सराज हलके के थुनाग वासी एवं सौ प्रतिशत दृष्टिहीन कुंदन लाल की पत्नी पिछले करीब 20 दिनों से अपने दो छोटे-छोटे बच्चों को लेकर अचानक लापता हो गई है।

इस मसले में कुंदन लाल ने पुलिस और प्रशासन में बार बार शिकायत करने के बावजूद भी 20 दिन के बीत जाने पर भी कुंदन लाल के दो छोटे, छोटे बच्चे और बीवी का पता नहीं लगा पाए हैं। चाहे परिवारिक परिस्थितियां कुछ भी रही हों, लेकिन कुंदन लाल को शासन और प्रशासन ने प्रताड़ित करने में कोई कमी नहीं छोड़ी है, जबकि कानून 2016 के लागू होने के बाद प्रशासन और पुलिस को इस तरह दिव्यांगता के शिकार हुए कुंदन लाल को उसके घर जाकर मदद करनी चाहिए थी। लेकिन यहां पर दृष्टांत कुछ उल्टा ही नजर आया है।

प्रशासन पुलिस और शिक्षा विभाग के अधिकारी उल्टा कुंदन लाल के ऊपर हावी होते दिखे हैं। जिससे कुंदन लाल अत्याधिक मानसिक परेशानी में है और उन्होंने मन बनाया है कि अगर पुलिस, प्रशासन और विभागीय अधिकारियों का ऐसा ही रवैया रहा तो वह हताश होकर कहीं वह कोई आत्मघाती कदम न उठा ले। ऐसा करना पड़ा तो इसके लिए सीधे तौर पर पुलिस, प्रशासन और शासन सीधे तौर पर जिम्मेदार होगा। कुंदन लाल का कहना है कि वर्ष 2008 में उसकी शादी बबली देवी निवासी खरठीं डाकघर सराहन तहसील रामपुर बुशहर के साथ हुई थी। तब से लेकर अब तक उसकी पत्नी अपने पति कुंदन के साथ सही तरह का व्यवहार करती नहीं नजर नहीं आई है। जिसके लिए कुंदन लाल के ससुराल वाले भी उसके ऊपर हावी होते नजर आए हैं और आए दिन पैसा देने की और जान से मारने की धमकियां तक कुंदनलाल को देते आए हैं।

कुंदन लाल ने शासन प्रशासन से गुहार लगाई है कि वह इस मसले में उनकी मदद करें। अन्यथा वह आत्महत्या करने को मजबूर हो जाएगा। इस मामले की भनक जब हिमाचल प्रदेश दिव्यांगजन संगठन के प्रदेशाध्यक्ष एवं समाजसेवी कानूनी सलाहकार दिव्यांगजन कुशल कुमार सकलानी को लगी तो उन्होंने पूरा ब्यौरा शासन प्रशासन और विभागीय अधिकारियों से लिया और थुनाग निवासी दिव्यांग कुंदन लाल की गाथा को अपने निवास स्थान महादेव में सुनकर काफी चिंतित हैं।

## सैंज घाटी की शैंशर पंचायत में बारिश ने मचाई तबाही

### मकान व दुकानों में भरा पानी, एक घराट भी आया बारिश की चपेट में

कुल्लू, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

जिला कुल्लू में पिछले कुछ दिनों से बारिश, बाढ़ और बादल फटने की घटनाओं ने तबाही मचाई हुई है। बरसात के चलते भूस्खलन और नदी-नालों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

रविवार रात को सैंज घाटी की शैंशर पंचायत में भी भारी बारिश ने खूब कहर बहरपाया। रात को हुई तेज बारिश से शेंशर के मझिना गांव में एक मकान में पानी घुस जाने से लोगों घर से बाहर निकलना पड़ा। वहीं मूसलाधार बारिश से नाले में पानी का जलस्तर बढ़ जाने से एक घराट भी बारिश की चपेट में आने से बह गया है। ग्रामीण आलम चंद ने बताया कि सड़क में पानी निकासी की नाली न होने के कारण सारी पानी मकान के कमरों के अंदर आ गया जिसके कारण परिवार के लोगों में अफरा तफरी मच गई। जंगला गांव निवासी ठाकर दास का घराट भी बाढ़ की चपेट में आ गया है।

लगातार हो रही बारिश से जगह जगह भूस्खलन के चलते न्यूली शेंशर तलियारा सड़क यातायात के लिए बंद हो गई है। इन दिनों लोगों द्वारा फल सब्जियों को मंडियों तक पहुचाने का कार्य जोरों चलाया गया है लेकिन सड़क बंद होने से ग्रामीण अपने उत्पादों को मंडी तक न पहुंचा पा रहे हैं तथा उन्हें लाखों का नुकसान झेलना पड़ रहा है। ग्रामीण जवाहर नेगी, राजकुमार व हेमराज ने बताया कि सड़क में डंगा न लगने के कारण भूमि कटाव से उनके खेत पूरी तरह से नष्ट हो गये हैं। ग्रमीणों गिरधारी लाल, सोहनलाल, दुनी चंद, प्रेम सिंह व निमत राम का कहना है कि बरसात में हर साल उनकी सड़क बंद रहने से सेब व टमाटर की फसलें खेतों में ही सड़ रही है।

## संस्कृत को लोकप्रिय बनाने को कृतसंकल्पः जय राम

शिमला, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में संस्कृत भाषा को अधिक लोकप्रिय बनाने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि संस्कृत भाषा को पुनः उचित स्थान प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा को राज्य की दूसरी भाषा घोषित करने के लिए सप्ताह भर चलने वाले संस्कृत सप्ताह के उपलक्ष्य पर आयोजित संस्कृत अभिनंदन समारोह में दी। समारोह का आयोजन हिमाचल राज्य संस्कृत शिक्षा परिषद, हिमाचल संस्कृत अकादमी, हिमाचल संस्कृति एवं कला अकादमी व संस्कृत भारती हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृत को राज्य की दूसरी राजभाषा घोषित करने से कुछ नहीं होगा जब तक संस्कृत समाज इसे आगे बढ़ाने के लिए आगे नहीं अएगा। कानूनी प्रक्रिया पूरी करना तो एक औपचारिकता है। उन्होंने कहा कि इस अनूठी भाषा ने न केवल देश के लोगों को ज्ञान का पाठ पढ़ाया है बल्कि उचित ज्ञान प्राप्त करने के लिए एक सामानांतर मार्गदर्शन भी किया जो समस्त विश्व के लिए उपयोगी सिद्ध हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृत विश्व की सबसे अधिक कम्प्यूटर अनुकूल भाषा है। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी प्राथमिक स्कूलों में संस्कृत भाषा को पढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि संस्कृत एकमात्र ऐसी भाषा है जिसे उसी तरह से लिखा जाता है जिस प्रकार इसका उच्चारण होता है। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा की खोई हुई पहचान को पुनः स्थापित करने व इसे आमजन में अधिक लोकप्रिय बनाने के लिए हमें मिल-जुलकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस वित्त साल के दौरान 50 विद्यालय व 50 महाविद्यालयों में संस्कृत प्रयोगशालाएं आरम्भ की जाएंगी।

ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार शास्त्री अध्यापकों जिन्होंने बी.एड. की है को टी.जी.टी संस्कृत री-डेजीग्नेट करने की मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी।

शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज ने कहा कि संस्कृत के मंत्रों का उच्चारण करोड़ों हिन्दुओं द्वारा किया जाता है वअधिकतर धार्मिक अनुष्ठानों में संस्कृत भाषा का प्रयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि संस्कृत लाहौल-स्पीति के एक गांव में बोली जाने वाली मुख्य भाषा है। उन्होंने कहा कि यदि संस्कृत का और अधिक प्रचार किया जाए, तो यह दूसरे राज्यों के लोगों के मध्य एक कड़ी के रूप में काम कर सकती है। उन्होंने कहा कि संस्कृत को शास्त्र के भंडार के रूप में और हिंदू धर्म में प्रार्थना की भाषा के रूप में मान्यता दी गई है। हिमाचल प्रदेश देश का एकमात्र ऐसा राज्य था जहां देवनागरी को विशेष रूप से प्रयोग में लाया गया।

## घूस सहित रंगे हाथ दबोचा डीएसपी

*धर्मशाला, 12 अगस्त (जनसत्ता)।*

*धर्मशाला स्थित सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक दस्ते ने सोमवार को कांगड़ा जिले जवाली के डीएसपी ज्ञान चंद ठाकुर को 45 हजार की रिश्वत के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मामले की पुष्टि करते हुए विजिलैंस के पुलीस अधीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि जवाली के अनुसचित जाति के कुछ लोगों ने जातिगत अभद्र टिप्पणियां करने को लेकर वहां के एक व्यक्ति के खिलाफ पुलिस के पास शिकयत दे रख थी लिहाजा उस मामले को दबाने को लेकर डीएसपी ठाकुर ने कथित तौर पर 50 हजार की मांग की थी।*

*शिकायतकर्ता इस पुलिस अधिकारी को पांच हजार पहले ही दे चुका था और बाकि के 45 हजार बाद में देना तय हुआ था लेकिन इस बीच शिकायतकर्ता विजिलेंस के पास पहुंच गया। इस पर सतर्कता विभाग के दल ने जाल बिछाया और नूरपुर के डीएसपी का अतिरिक्त कार्यभार देख रहे आरोपी डीएसपी को जब शिकायतकर्ता यह रकम देने पहुंचा तो विजिलैंस ने कार्यालय उसे में रंगे हाथ दबोच लिया।*

### नशा तस्करों के लिखाफ मुहिम शुरू

***बिलासपुरः*** *जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ शुरू की गई मुहिम रंग ला रही है। आज पुलिस टीम ने शहर के नजदीक बामटा चौक पर नाका लगाया हुआ था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कोई युवक नशे की बड़ी खेप ला रहा है। जैसे ही उन्होंने युवक को पहचाना तो तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 562 ग्राम चरस बरामद की गई। युवक की पहचान करीबी चांदपुर गांव के विनय चौहान के रूप में हुई है। पुलिस ने एनडीपीएस की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर युवक को हिरासत मे ले लिया है। यह कारवाई सदर पुलिस की विशेष अन्वेषक टीम ने की है।*

## कसोल में खुलेआम नशा करते 14 लोग धरे

कुल्लू, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

प्रदेश के सबसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कसोल में खुलेआम नशा करते 14 पर्यटकों सहित लोकल लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें प्रोबेशन पर आए डीएसपी, शक्ति सिंह की अगुआई में यह छापेमारी की गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 14 व्यक्ति कसोल व इसके आस पास सार्वजनिक स्थानों में नशा करते हुए पाए गए और सभी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इसमें पंजाब, दिल्ली, हरियाणा व स्थानीय लोग व पर्यटक सार्वजनिक जगह पर नशा हुडदंग मचा रहे थे। इस दौरान पुलिस ने कुल 18 पर्यटकों व स्थानीय लोगों को चैक किया। इसमें अल्को सेंसर से सभी की जांच की गई इसमें 14 लोगों ने नशा पाया गया। जांच करने पर आठ पर्यटकों में भारी मात्रा में नशा किया हुआ था। इसमें विक्रांत निवासी हरियाणा, निशांत सिंह निवासी हरियाणा, आशीष सिंह निवासी दिल्ली, रविंदर सिंह हरियाणा, रिकी पवार दिल्ली, नवीन कुमार हरियाणा, मोहित दिल्ली, गौतम दिल्ली, भूपेंद्र गुप्ता दिल्ली, गौरव शर्मा निवासी पंजाब, रिची चोलिन पंजाब, मुनीश वर्मा पंजाब, रोहित बिष्ट निवासी कुल्लू, कुंदन कुल्लू को गिरफ्तार किया गया है।

## नशे के खिलाफ उतरी घोरला की महिलाएं, शाणी गांव तक निकाली रैली

कुल्लू, 12 अगस्त (जनसत्ता)।

नशे के जहर ने समाज के बड़े तबके को जहां तबाही के रास्ते पर धकेल दिया है वहीं महिलाएं अब इस मानसिकता के खिलाफ उतर रही हैं। इसी कड़ी में आनी तहसील की पलेही पंचायत के घोरला गांव की महिलाओं ने नशे के खिलाफ हमला बोला। महिलाओं ने रैली के माध्यम से नशे की मुखालफत की।

इस रैली में महिला मंडल घोरला की सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने भाग लिया। मंडल की सदस्याओं ने घोरला से शाणी गांव तक रैली निकालकर नशे के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। रैली के समापन से पहले महिला मंडल की अध्यक्षा स्नेहा मेहता सहित अन्य सदस्यों ने कहा कि समाज का एक बड़ा तबका, विशेष तौर पर युवा नशे की चपेट में आ रहा है, जोकि समाज के लिए खतरे के संकेत हैं। एक बार युवाओं के इस दलदल में फंसने के बाद इससे उबर पाना मुश्किल होता है जोकि परिवार और समाज पर नाकारात्मक प्रभाव डालता है। महिला मंडल ने लोगों से अपील की कि नशे से दूर रहें और इसी में ही समाज की भलाई है, साथ ही महिला मंडल ने आगामी समय में इसके खिलाफ और ज्यादा मुखर होने का संकल्प भी दोहराया। रैली में महिला मंडल घोरला की अध्यक्षा स्नेहा मेहता के अलावा उपाध्यक्षा सपना, सचिव नीना, सदस्या स्नेहलता, रीनू, ऊषा, रचना, किरन, राजकुमारी, नूरी देवी, साबू देवी, कांता देवी, सूमा देवी, रमीला, गुड्डी, पार्वती ने भाग लिया, इसके अलावा कुछ बच्चों ने भी रैली में भाग लिया।



### पंजाब की महिला झुलसी, हालत नाजुक

***कुल्लूः*** *पुलिस थाना मनाली के तहत एक महिला के आग से झुलसने का मामला सामने आया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 अगस्त को समय करीब साढे 11 बजे पंजाब की रहने वाली महिला अपने पति के साथ घर में थी अचानक बेटी किचन में गई और नाश्ता बनाने के लिए रसोई में गैस ऑन की और इससे गैस ज्यादा निकलने की बजह से गैस ने एक दम आग पकड़ ली, जैसे लड़की की मॉ ने बेटी को बचाते हुए महिला स्वयं आग की चपेट में आ गई। पहले इसके कपडे में आग लगी इसके बाद महिला चिल्लाई और दौडती हुई अपने कमरे में आई तथा इसकी चिल्लाने की आबाज सुन कर इसके पति बाथरुम से बाहर आया और इसे जलता देखकर इस पर पानी फैंका तथा आग बुझने के बाद इसे चादर में लपेटा। आग इतनी भयानक लग चुकी थी कि महिला का शरीर काफी जल गया था। इसके बाद महिला को मिशन अस्पताल मनाली लाया गया। यहां पर चिकित्सक महिला का इलाज कर रहे हैं। अभी तक महिला की हालात नाजुक बनी हुई है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी कुल्लू गौरव सिंह ने बताया कि महिला की पहचान सुखजीत कौर पत्नी लखा सिंह निवासी खेतला जिला संगरुर पंजाब उम्र 27 वर्ष हाल 38 बीअआटीएफ अलेऊ मनाली में जली हुई हालत में इलाज के लिए मिशन अस्पताल लाया गया। यहां पर महिला के परिजनों के ब्यान दर्ज किए गए हैं।*

# उम्मीद और चुनौती

वित्त मंत्री ने रियल एस्टेट कारोबार को मंदी से उबारने की दिशा में जो पहल शुरू की है उससे यह उम्मीद बंधती है कि सरकार आने वाले दिनों में ऐसे बड़े कदम उठाएगी, जिनसे इस क्षेत्र में पिछले चार-पांच साल से चला आ रहा संकट खत्म हो और बिल्डरों के साथ-साथ ग्राहकों का भी भला हो। अभी रियल एस्टेट क्षेत्र एक तरह से दम तोड़े हुए है। जायदाद खरीदने-बेचने का कारोबार करने वाले सड़क पर हैं और सिर्फ बड़े कारोबारी थोड़ी-बहुत हिम्मत से डटे हैं। रियल एस्टेट में लंबे समय से खरीदार नहीं हैं। नोटबंदी के बाद यह संकट और गहराता चला गया। ये उसी का असर है कि आज लाखों फ्लैट बन कर तैयार हैं, लेकिन खरीदार नहीं हैं। जमीन-जायदाद का कारोबार दरअसल लंबे समय से नगदी संकट की मार झेल रहा है। इसकी एक वजह यह भी है कि बैंक और गैरबैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) पहले तो इस क्षेत्र के लिए पैसे दे रही थीं, लेकिन अब इन्होंने हाथ खींच लिए हैं। एनबीएफसी तो खुद नगदी संकट में फंसी हैं और ऐसी आशंका भी बनी हुई है कि कहीं इन्हें भी एनपीए की बीमारी न लग जाए।

रियल एस्टेट क्षेत्र में जान फूंकने के लिए सरकार को एक साथ कई मोर्चों पर जूझना होगा। इनमें सबसे जटिल काम इस क्षेत्र को पूंजी मुहैया कराने का है, ताकि बिल्डर अटकी हुई परियोजनाएं पूरी कर सकें। दूसरी बड़ी समस्या मकान खरीदारों को लेकर है। आम्रपाली, जेपी जैसे कुछ बड़े समूहों की परियोजनाओं में बयालीस हजार से ज्यादा लोगों के पैसे फंसे हुए हैं और सर्वोच्च अदालत ने अब इनका काम पूरा करने और लोगों को मकान दिलाने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार पर डाली है। इसलिए ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि सरकार अटकी परियोजनाओं को पूरा करने और खरीदारों को संकट से निकालने के लिए अलग से कोष बना सकती है। हाल में रिजर्व बैंक ने भी अपनी मौद्रिक नीति में चौथी बार नीतिगत दरों में कटौती है और साथ ही बैंकों पर कर्ज सस्ता करने के लिए दबाव बनाया है। आने वाले दो-तीन महीने त्योहारों के हैं और इनमें जमीन-जायदाद की खरीदारी खासतौर से होती है। अगर बैंक कर्ज सस्ता करते हैं तो इससे भी रियल एस्टेट क्षेत्र को पटरी पर लाने में मदद मिलेगी।

इसमें कोई दो राय नहीं कि भारतीय अर्थव्यवस्था इस वक्त फिर से मंदी जैसे हालात का सामना कर रही है। ऐसे में रियल एस्टेट उद्योग को फिर से खड़ा कर पाना कोई आसान काम नहीं हैं। उसे हर स्तर पर भारी रियायतों की जरूरत है। इसीलिए बिल्डरों और क्रेडाई (कनफेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया) और नारेडको (नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल) ने सबसे ज्यादा जोर इस बात पर दिया है कि सरकार बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों पर इस क्षेत्र में पैसा डालने के लिए दबाव बनाए। लेकिन हकीकत यह है कि ज्यादातर बैंक पहले ही एनपीए की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे में वे कोई जोखिम नहीं ले सकते। सीमेंट और इस्पात जैसे क्षेत्र रियल एस्टेट कारोबार पर टिके होते हैं। इसमें मंदी का मतलब है सीमेंट और इस्पात जैसे उद्योगों पर खतरा मंडराना। इसलिए सरकार को अब ऐसी रणनीति बनानी होगी, जिसमें बैंकों के जोखिम का खयाल रखते हुए रियल एस्टेट उद्योग में पैसा डलवाया जाए, ताकि इससे जुड़े दूसरे प्रमुख क्षेत्रों में भी मंदी के हालात दूर हों। मंदी की वजह से बड़ी संख्या में लोगों का रोजगार जा रहा है, यह भी कम गंभीर चिंता का विषय नहीं है। ऐसे में सरकार के प्रयास कहां तक सफल हो पाते हैं, यह आने वक्त ही बताएगा!

# महंगी शिक्षा

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा शुल्क में भारी बढ़ोतरी की घोषणा के बाद स्वाभाविक ही यह सवाल उठा है कि खासतौर पर सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले कमजोर तबके के विद्यार्थियों के भविष्य पर इसका क्या असर पड़ेगा। सीबीएसई की ताजा घोषणा ने इसलिए भी लोगों को सोचने पर मजबूर किया है कि इसमें सामान्य तबके से आने वाले विद्यार्थियों के लिए निर्धारित फीस में जहां दुगनी राशि की बढ़ोतरी की गई है, वहीं अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के बच्चों को अब पुराने शुल्क के मुकाबले चौबीस गुनी ज्यादा रकम देनी होगी। यानी सामान्य वर्ग के बच्चों को पहले के साढ़े सात सौ के बजाय अब जहां पंद्रह सौ रुपए चुकाने होंगे, वहीं अनुसूचित जाति-जनजाति के बच्चों को पचास रुपए की जगह बारह सौ रुपए देने होंगे। यों सवाल उठने पर सीबीएसई ने यह सफाई पेश की है कि फीस में वृद्धि पांच साल बाद की गई है। लेकिन सवाल यह भी है कि पांच साल तक कोई वृद्धि नहीं करने के बाद अचानक इतनी बड़ी बढ़ोतरी की जरूरत क्यों पड़ गई! क्या ताजा वृद्धि के सहारे पिछले पांच सालों के घाटे को पूरा करने की कोशिश की जा रही है?

यह समझना मुश्किल है कि फीस में अचानक इतनी ज्यादा वृद्धि का क्या औचित्य है और क्या यह फैसला लेते हुए सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखा गया! गौरतलब है कि सीबीएसई के पाठ्यक्रमों के तहत एक ओर निजी स्कूल हैं तो दूसरी ओर सरकारी स्कूलों की संख्या भी बड़ी है। इस संदर्भ में देखें तो हो सकता है कि शुल्क में ताजा बढ़ोतरी से निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों पर कोई बड़ा फर्क नहीं पड़े, लेकिन सरकारी स्कूलों में जिस आर्थिक और सामाजिक तबके के बच्चे आते हैं, उनके बारे में यही बात शायद दावे के साथ नहीं कही जा सकती। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले ऐसे तमाम बच्चे होते हैं जिनके परिवारों की आर्थिक हैसियत संतोषजनक भी नहीं होती है। खासतौर पर अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के बच्चों के माता-पिता कई बार न्यूनतम खर्च से अपना काम चलाते हैं और सरकारी स्कूल में कम खर्च के भरोसे ही अपने बच्चों को पढ़ने भेज पाते हैं। ऐसे में उनकी फीस में सीधे चौबीस गुनी बढ़ोतरी का असर इन तबकों के बच्चों के भविष्य की पढ़ाई पर पड़ सकता है।

सवाल है कि अगर इस वजह से किसी बच्चे की पढ़ाई बाधित होती है तो इसकी जिम्मेदारी किस पर आएगी और क्या यह शिक्षा का अधिकार कानून के खिलाफ नहीं होगा? यह बेवजह नहीं है कि सीबीएसई की फीस बढ़ोतरी की ताजा पहलकदमी पर अभिभावकों ने भारी असंतोष जताया है। अखिल भारतीय अभिभावक संघ ने इस फैसले को असंवैधानिक बताते हुए अदालत में चुनौती देने की बात कही है। दरअसल, अच्छी शिक्षा के नाम पर निजी स्कूलों में जो फीस वसूली जाती है और उसे चुकाने में जो लोग सक्षम नहीं होते हैं, आमतौर पर वही अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजते हैं। लेकिन अगर यहां भी सरकारी जिम्मेदारियों में जनता के कल्याण की अवधारणा को अहम मानने के बजाय फीस की रकम को प्राथमिक माना जाएगा तो गरीब तबकों के बीच शिक्षा के प्रसार पर इसका क्या असर पड़ेगा? साक्षरता दर के मामले में अभी हमारे देश को बहुत कुछ करना बाकी है। इस मकसद से सरकार अनेक तरह की योजनाओं पर काम कर रही है। इसके मद्देनजर यह ध्यान रखने की जरूरत होगी कि किसी स्थिति में स्कूली बच्चों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ की वजह से शिक्षा का अधिकार कानून बाधित न हो।

## कल्पमेधा

विश्वास का मतलब है असंभव पर भरोसा करना और भरोसा करने के बाद यह समझना कि असंभव भी संभव है।
-पाओलो कोएल्हो

# सिमटती पुस्तकालय संस्कृति

चंद्रशेखर तिवारी

> कई पुस्तकालय ऐसे भी हैं जहां पाठकों की संख्या तो पर्याप्त दिखाई देती है पर वे वित्तीय व अन्य संसाधनों की समस्या का सामना कर रहे हैं। इनमें प्रशिक्षित और व्यावसायिक पुस्तकालय कर्मियों का अभाव दिखाई देता है और पुस्तकें अलमारियों अथवा बंद बोरों में सिमटी पड़ी हैं। निस्संदेह इस तरह की परिस्थितियों ने पुस्तकालय और आम पाठक वर्ग के बीच की दूरी को बढ़ाने का ही काम किया है।

सार्वजनिक पुस्तकालय ऐसी सामाजिक संस्था है जिसके माध्यम से व्यक्ति का सतत बौद्धिक और सांस्कृतिक विकास होता है। पुस्तकालयों में उपलब्ध साहित्य, दर्शन, इतिहास, धर्म, विज्ञान, राजनीति के साथ-साथ सामाजिक, आर्थिक और कला, संस्कृति जैसे विविध विषयों की पुस्तकों से मानव अपने ज्ञान में अभिवृद्धि करने का प्रयास करता है। स्थानीय समुदाय के सदस्यों को पुस्तकालय पीढ़ी-दर पीढ़ी शिक्षा, मनोरंजन व विकास के लिए सूचना और सेवा देने का काम करते आ रहे हैं। कुल मिला कर कहा जा सकता है कि एक सामाजिक मिशन के तहत सार्वजनिक पुस्तकालय ज्ञान संसाधन केंद्र के रूप में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।

पुस्तकालय के पुराने इतिहास पर अगर नजर डालें तो माना जा सकता है कि भारतीय पुस्तकालयों का प्रारंभिक स्वरूप पुरातन काल में भी रहा था। वस्तुतः प्रागैतिहासिक काल की शिलाओं, गुफाओं और अन्य माध्यमों में उत्कीर्ण चित्र-लिपि व लेखों में हम एक तरह से पुस्तकालय की आरंभिक छवि पा सकते हैं। तत्कालीन मानव समुदाय के मध्य विचारों को पहुंचाने में इन शिलालेखों की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। वैदिक काल में समय-समय पर धर्म व दर्शन संबंधी साहित्य ताड़ और भोज पत्र, वस्त्र विशेष और हस्त निर्मित कागज पर लिखने की परंपरा विकसित होती रही। इस काल में वेद, इतिहास, पुराण और व्याकरण संबंधी कई ग्रंथों की रचना तत्कालीन ऋषि-मुनियों ने की। हाथ से लिखे गए इन ग्रंथों की पांडुलिपियां स्थान-विशेष यथा मठ-मंदिरों और गुरुकुलों में सुरक्षित रखी जाती थीं। बौद्ध काल में तक्षशिला व नालंदा जैसे महत्त्वपूर्ण शैक्षिक केंद्रों में भी आयुर्वेद, ज्योतिष कला, राज-व्यवस्था, विज्ञान आदि के ग्रंथ संग्रहित रहते थे। मुगलकाल में कई बादशाह अपने दरबार में विद्वानों द्वारा रचित संस्कृत और फारसी के विविध ग्रंथों का संकलन किया करते थे। सम्राट अकबर के पुस्तकालय में भी विविध विषयों के तकरीबन पच्चीस हजार ग्रंथ थे।

हालांकि आधुनिक भारत में पुस्तकालय का विकास उस गति से नहीं हुआ जितनी कि अपेक्षा की जा रही थी। देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। इस वजह से शैक्षिक पुस्तकालयों की ओर अधिक ध्यान नहीं गया और पुस्तकालयों को राष्ट्रीय स्तर का स्वरूप नहीं मिल पाया। सन 1882 में मुंबई राज्य, 1890 में कर्नाटक और 1910 के आसपास बड़ौदा राज्य में पुस्तकालयों की तरफ ध्यान देने का प्रयास किया गया। इसी तरह पुस्तकालयों के विकास के संदर्भ में 1924 में बेलगांव, 1927 में मद्रास राज्य व 1929 में कर्नाटक के धारवाड़ में पुस्तकालय संघों की बैठकें भी हुईं। सन 1933 में भारत में पुस्तकालय विज्ञान के जनक कहे जाने वाले डॉ एसआर रंगनाथन के प्रयासों से मद्रास विधानसभा में पुस्तकालय अधिनियम पारित किया गया। इसी दौर में पुस्तकालय विज्ञान के बीस ग्रंथ भी प्रकाशित किए गए।



एक समृद्ध और बहुआयामी सामाजिक संस्था के रूप में सार्वजनिक पुस्तकालयों की भूमिका देश और समाज के विकास के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है। किसी भी समाज में ज्ञान को सवर्सुलभ बनाने में पुस्तकालय से बेहतर दूसरा विकल्प संभवतः नहीं हो सकता है। वर्ष 2005 में गठित भारतीय ज्ञान आयोग ने इसी बात को ध्यान में रख कर भारत में एक स्वायत्त राष्ट्रीय पुस्तकालय आयोग की स्थापना करने की शानदार पहल की है। वर्तमान में इस आयोग की देखरेख में देशभर में मौजूद पुस्तकालयों के विकास, संरक्षण और संवर्धन की दिशा में कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है।

भारत में आज जिस गति से पुस्तक प्रकाशन व्यवसाय में वृद्धि हो रही है और दिल्ली, जयपुर, कोलकाता, पटना सहित अनेक शहरों में आयोजित छोटे-बड़े साहित्यिक उत्सवों और पुस्तक मेलों में कला व साहित्य प्रेमियों की जबरदस्त भागीदारी दिखाई दे रही है उसके सापेक्ष यदि हम सार्वजनिक पुस्तकालयों की ओर नजर दौड़ाएं तो स्थिति कदाचित इसके उलट है। ज्यादातर पुस्तकालय दयनीय हाल में हैं। इन पुस्तकालयों में पाठकों की वह आमद नहीं दिखाई देती जो दरअसल एक पुस्तकालय के लिए पर्याप्त मानी जाती है। इस तरह के सार्वजनिक पुस्तकालयों में इमारतों की खस्ताहाल स्थिति, अल्मारियों में धूल फांकती पुस्तकें, टूटे-फूटे फर्नीचर, अप्रशिक्षित पुस्तकालय कर्मचारी, अन्य मूलभूत सुविधाएं न होने और वाचनालय के वीरान माहौल को देख कर पाठकों में निराशा होना स्वाभाविक है।

देश में प्रत्येक राज्य ने अपने यहां सार्वजनिक पुस्तकालयों के रखरखाव और उनके संचालन के लिए किसी न किसी तरह की व्यवस्था का प्रावधान तो कर रखा है लेकिन बावजूद इसके सार्वजनिक पुस्तकालयों की स्थिति निराशाजनक ही है। आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, गोवा, उत्तर प्रदेश, गुजरात, बिहार, राजस्थान, हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, केरल, मिजोरम, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, लक्षद्वीप और ओड़िशा की राज्य सरकारों ने अपने यहां सार्वजनिक पुस्तकालय अधिनियम भी पारित किया हुआ है। फिर भी ये पुस्तकालय पाठकों के बीच पैठ नहीं बना पा रहे हैं। कई पुस्तकालय ऐसे भी हैं जहां पाठकों की संख्या तो पर्याप्त दिखाई देती है पर वे वित्तीय व अन्य संसाधनों की समस्या का सामना कर रहे हैं। इनमें प्रशिक्षित और व्यावसायिक पुस्तकालय कर्मियों का अभाव दिखाई देता है और पुस्तकें अलमारियों अथवा बंद बोरों में सिमटी पड़ी हैं। निस्संदेह इस तरह की परिस्थितियों ने पुस्तकालय और आम पाठक वर्ग के बीच की दूरी को बढ़ाने का ही काम किया है।

सार्वजनिक पुस्तकालयों का एक दूसरा स्वरूप यह भी है कि वे ज्ञान, शिक्षा और सूचना के भंडार होने के साथ ही स्थानीय समाज, इतिहास और संस्कृति के प्रबल संवाहक भी होते हैं। इस दृष्टि से इन्हें निकटवर्ती गांव क्षेत्र से लेकर जनपद और राज्य स्तर तक सांस्कृतिक व बौद्धिक गतिविधियों का मुख्य केंद्र बनाने की पहल की जानी चाहिए। इसके तहत सार्वजनिक पुस्तकालयों को आमजन से जोड़ते हुए संस्कृति, कला, साहित्य, समाज, इतिहास, पर्यावरण और समसामयिक विषयों से जुड़े कार्यक्रमों के आयोजन कारगर साबित हो सकते हैं। समय-समय पर व्याख्यान, वार्ताएं, साहित्यिक गोष्ठियां, प्रदर्शनी और फिल्म प्रदर्शन जैसे आयोजन किए जा सकते हैं। सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक तौर पर कमजोर लोगों के लिए भी इस तरह के आयोजनों को उपयोगी बनाया जा सकता है। स्थानीय समाज व संस्कृति पर केंद्रित शोधपरक आलेखों को पुस्तिकाओं अथवा मोनोग्राफ के रूप में प्रकाशित कर पाठकों के सामने लाने की पहल भी सार्वजनिक पुस्तकालयों के माध्यम से की जा सकती है।

वर्तमान दौर संचार और सूचना तकनीक का है। ऐसे में सार्वजनिक पुस्तकालयों को कंप्यूटर, इंटरनेट सुविधा, लाइब्रेरी नेटवर्किंग, डिजिटल लाइब्रेरी सर्विस, ऑनलाइन सेवा जैसी अन्य महत्त्वपूर्ण सुविधाओं से जोड़ने की भी जरूतत है। हालांकि भारी-भरकम आर्थिक बजट के चलते ई-लाईब्रेरी और डिजिटलीकरण की योजना महंगी तो है पर फिर भी राज्य स्तरीय सार्वजनिक पुस्तकालयों को इस तरह की आधुनिक सुविधा से जोड़ने के प्रयास जरूरी हैं।

समाज में सार्वजनिक पुस्तकालयों को प्रभावी बनाने के लिए अंतःपुस्तकालय आदान-प्रदान सेवाएं, संदर्भ सेवाएं व परामर्शी सेवाएं जैसी सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। पुस्तकालय को समृद्ध करने के लिए बाल-खंड की स्थापना और वरिष्ठ नागरिकों तथा शारीरिक तौर पर अक्षम पाठकों के लिए सचल पुस्तकालय जैसी व्यवस्थाओं पर भी सोचा जाना जरूरी है। इस दिशा में पेशेवर पुस्तकालयकर्मियों की पर्याप्त उपलब्धता, पाठकों के प्रति सहज व तत्पर सेवाएं भी पुस्तकालयों को संपन्न बनाने में मददगार साबित होंगी। भारत सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय से उम्मीद की जानी चाहिए कि निश्चित रूप से वह सार्वजनिक पुस्तकालयों की बदहाल व्यवस्था को दुरुस्त करने और उन्हें समाजोन्मुख बनाने की दिशा में और आगे आएगा। पुस्तकालयों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए गैरसरकारी और कॉरपरेट जगत की संस्थाओं से भी सहयोग लिया जा सकता है। इसके लिए समाज के हर प्रबुद्ध व्यक्ति से उम्मीद की जानी चाहिए कि वह पुस्तकालयों को संवाराने में अपना योगदान सुनिश्चित करे ताकि देश के वीरान पड़े सार्वजनिक पुस्तकालय पाठकों से गुलजार बने रहें।

# झगड़े की खुशबू

रमाशंकर श्रीवास्तव

**दुनिया मेरे आगे**

वे चुप थे। मैंने पूछा कि क्या बात है... आज आप इतने उदास क्यों हैं! आप तो हमेशा खुशदिल रहते हैं तो उन्होंने कहा कि इस जिंदगी से ऊब गया हूं। जहां देखिए वहीं कोई न कोई झगड़ा-फसाद। न दफ्तर में राहत और न बाहर मुक्ति। घर आया तो मेरी पत्नी मायके जाने की तैयारी में थीं। पता चला कि उनके पिता जमीन-जायदाद के झगड़े में फंस गए हैं और उनकी तबीयत खराब है। उनके यह दुख जाहिर करने के बाद मैंने उन्हें समझाने की कोशिश की, मगर उनकी मनःस्थिति नहीं बदली। मैंने अपने बारे में सोचा और याद किया कि कल शाम अगर मैं संयम नहीं बरतता तो मेरा झगड़ा बढ़ जाता। उनका कुत्ता सुबह-सुबह मेरे ही दरवाजे के सामने आकर अपने नित्यकर्म से मुक्ति पाता है। मैंने विरोध किया तो वे बोले कि वह पशु है, उसके मन का हाल मैं क्या बताऊं! यह सब चल रहा था कि आसपास के दो-चार लोग हमारी बातचीत सुनने आ गए। उन्हें शायद यह उम्मीद थी कि बात आगे बढ़ेगी। मगर मैंने प्रयास किया तो बात वहीं दब गई। सुनने की उम्मीद में आए लोग निराश होकर लौट गए।

जीवन में किन बातों पर लड़ाई-झगड़े खड़े हो जाएं, पता नहीं चलता। हम अपने बच्चों को समझाते हैं कि झगड़े मत किया करो, मगर जब स्वार्थ पर चोट पहुंचती है तो लड़ ही पड़ते हैं। ज्यादातर झगड़े का कारण स्वार्थ पर चोट ही है। इसमें अहं की भावना प्रबल होती है। कोई क्यों हमारी भावना को ठेस पहुंचाता है, बात बढ़ती है और झगड़ा हो जाता है? लड़ाई-झगड़ा दो पक्षों के बीच होता है और दर्शक पचासों आ खड़े होते हैं। दर्शकों में शायद ही ऐसे दो-चार मिलें जो चाहते हों कि झगड़ा किसी तरह खत्म हो और शांति कायम हो जाए।

वाद-विवाद होने पर सबसे पहले अशांति पैदा होती है। शांति की कामना करने वाले थोड़े होते हैं और वहां खड़ा होने वाले तमाशे का मजा लेने वाले अधिक होते हैं। हम कल्पना करने लगते हैं कि अमुक तो अमुक को परास्त कर देगा। उसकी क्या औकात, वह तो पहलवान है। गर्दन पर बस एक मुक्का मारा कि दूसरे सज्जन चित्त। इसी उठा-पटक में दुनिया के धंधे चल रहे हैं। भूखे शिशु के रुदन से लेकर छोटे-बड़े देशों की भूमि सीमा पर झगड़े-विवाद हमेशा रहते हैं। सीमाओं के विवाद सौ-सौ साल भी पुराने हो जाते हैं। पूरे राष्ट्र की बौद्धिक, राजनीतिक और आर्थिक ऊर्जा-संपदा खर्च होती चलती है और झगड़े खत्म नहीं होते।

आप टीवी के सामने समाचार जानने के लिए बैठे हैं, लेकिन देखते हैं कि उनमें क्षेत्र और दल विशेष के प्रतिनिधि योद्धा की तरह मुस्तैद हैं। तर्कों से लड़ाई-झगड़े इस कदर बढ़ते जाते हैं कि मुख्य मुद्दा पीछे छूट जाता है और आपके कान झनझनाने लगते हैं। दलीलों की उठा-पटक में जो सफल होता है उसकी कद्र अपनी पार्टी में बढ़ जाती है।

ये झगड़े फूलों की खुशबू की तरह हमारे जीवन में गमकते रहते हैं। जहाज, ट्रेन, बस, बाजार, दफ्तर, स्कूल जहां जाइए आपको इसकी खुशबू लुभाएगी। यह खुशबू जिज्ञासा पैदा करती है कि झगड़े की जड़ में क्या है। क्या जायज है और क्या नाजायज। इन्हीं के बीच कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। झगड़े नहीं होते तो ये कोर्ट-कचहरी कैसे फूलते-फलते! जमीन-जायदाद, रुपए-पैसे, मकान, अपराध तरह-तरह के दावे सभी इन लड़ाई-झगड़ों के मूल में हैं। और कभी-कभी मुहल्ले की गलियों में नाली के लिए ताने-बाने। दुश्मनी सिर उठा लेती है। ऐसे मोर्चे सफलतापूर्वक संभालने वाले सैकड़ों मिल जाएंगे। कुछ का पेशा है, झगड़ा पैदा करना और उसके फैसले में टांग अड़ाना। दूसरों की बेचैनी से वे अपनी वंशी चैन से बजाते हैं। हर गली-मुहल्ले में कुछ औरतें और मर्द ऐसी भूमिकाओं के लिए प्रसिद्ध होते हैं। उनकी दुर्भावनाओं, ईर्ष्या द्वेष-छल कपट का असर दूसरों पर पड़ता है। कुछ पेचीदा झगड़ों को सुलझाने के लिए दूर-दूर से सुलझे हुए लोग बुलाए जाते हैं। साधु-संत, महंथ, प्रवचनकर्ता सुबह-शाम इसी प्रयास में लगे रहते हैं कि मनुष्य का जीवन शांति से बीते। दूसरी ओर, शांति पर प्रवचन के दौरान ही कुछ लोग उसी जनता-जनार्दन में बैठे अशांति की योजनाएं बनाते रहते हैं।

जंगल, जल, खेल-मैदान और मनुष्य समाज में झगड़े की खुशबू फैली होती है। वास्तव में लड़ाई-झगड़ों से मुक्त समाज के निर्माण के लिए युगों से चिंतक-दार्शनिक प्रयास में लगे हैं। बड़े ग्रंथों के विचार उद्धृत किए जाते हैं। तब भी अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाती। हमें पुष्प गंध चाहिए जो जीवन-धारा बदल दे। जीने का सुख और आनंद प्रदान करे। जीवन बोझिल न बने और उस सुगंध के लिए लोग लालायित रहें। झगड़े हमारा कल्याण नहीं कर सकते। उस आदर्श स्थिति में जीने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहें, तो लक्ष्य पाना कठिन नहीं है। हमें वह खुशबू चाहिए जो हमारी अपनी वास्तविकता की पहचान करा सके।

## मिलावट पर नकेल

मध्यप्रदेश में मिलावटखोरी के खिलाफ बड़ा और सख्त कदम उठाते हुए नकली घी बनाने के आरोप में उज्जैन के एक फैक्ट्री संचालक को रासुका में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। आरोपी पेशे से डॉक्टर है और उज्जैन में क्लीनिक चलाता है। पिछले दिनों छापा मार कर उसकी फैक्ट्री से 800 किलो नकली घी और घी बनाने का सामान बरामद किया था। घी बनाने के लिए सोया तेल, वनस्पति घी और एसेंस (सुगंध) का इस्तेमाल किया जा रहा था। यह घी आसपास के ग्रामीण इलाकों और खासतौर से शादी-ब्याह में सप्लाई किया जाता था। मिलावट के इस खेल में खाद्य विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता। यह पहला मौका है जब नकली दूध और उससे बने अन्य उत्पाद बनाने वालों के विरुद्ध सिलसिलेवार, प्रदेशव्यापी, सख्त और एकजुट कार्रवाई की जा रही है। मिलावट मुक्त मध्यप्रदेश के संकल्प के साथ उन्नीस जुलाई से शुरू किए गए इस अभियान के तहत प्रदेश में नकली खाद्य सामग्री बनाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री का साफ कहना है कि अभी दूध से बने पदार्थों में मिलावट के खिलाफ कार्रवाई हो रही है। इसके बाद सब्जियों को रासायनिक पदार्थों से पकाए जाने के गोरखधंधे का पर्दाफाश होगा। एक अनुमान के अनुसार बाजार में मिलने वाला 30 से 40 प्रतिशत सामान मिलावटी होता है। यह मिलावट इतनी चतुराई से की जाती है कि कोई इनके नकलीपन को आसानी से पकड़ नहीं पाता। मिलावटी मिठाई, आटा, दाल, पाम ऑइल की त्योहारी सीजन में ही नहीं सामान्य दिनों में भी बिक्री आम बात है।

अपने देश में मिलावटखोरी के खिलाफ आवाज उठाते हुए इसके आरोपी को मृत्युदंड देने की बात कही जाती रही है। लेकिन व्यवहार की वास्तविकता यह है कि मिलावटखोरी की जांच नमूना भर कर मामला दर्ज होने के बाद फाइलों में दब कर रह जाती है। आवश्यकता मिलावटखोरी पर पूरी तरह नकेल कसने की है। सख्त कानून बना कर जांच करने वाले अधिकारी व विभाग की भी जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। त्वरित न्यायालय में मुकदमे चला कर तय समय सीमा में दोषी को कठोर दंड दिया जाए। आम आदमी को मिलावटी सामान बेचना भी किसी हत्या से कम नहीं है। इसलिए उसकी सजा कठोर से कठोर होनी चाहिए। इसके लिए कानून की सख्ती के साथ ही सरकार की तीव्र राजनीतिक इच्छा शक्ति जरूरी है। मिलावटखोरी राष्ट्रव्यापी समस्या है लेकिन इसे लेकर पूरे देश में एक जैसा कानून आज भी नहीं है। अभी हालत यह है कि ओड़िशा, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में दूध में मिलावट के अपराध पर उम्र कैद की सजा दिए जाने का प्रावधान है। जबकि अन्य राज्यों में ऐसा कानून नहीं होने पर सुप्रीम कोर्ट भी चिंता जता चुका है।

सख्त कानून बनाए जाने का जहां तक सवाल है, इन दिनों यह रिवाज-सा चल पड़ा है कि अगर कोई अपराध बढ़ रहा है तो उसकी सजा बढ़ाने की मांग उठने लगती है। जबकि नए कानून बनाने या सजा बढ़ाने से ज्यादा जरूरी है पहले से मौजूद कानूनों का सही करह से क्रियान्वयन। मिलावटखोरी के लिए कानून में सजा बढ़ाने से कानून के दुरुपयोग की आशंका बढ़ने का खतरा है। ऐसे में कोई भी कदम पर्याप्त विचार-विमर्श के बाद ही उठाया जाना चाहिए। इसे विडंबना ही कहा जाना चाहिए कि कानून बनाते समय या किसी घटना के घटित होने पर तो बहुत जोश दिखाया जाता है पर जब वास्तव में दोषी को सजा देने का मौका आता है तब सबके हाथ-पैर फूलने लगते हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि मिलावट मुक्त मध्यप्रदेश के संकल्प के साथ मिलावटखोरी के खिलाफ शुरू किए गई मध्यप्रदेश सरकार की कार्रवाई इसका अपवाद साबित होगी।

● *देवेंद्र जोशी, महेशनगर, उज्जैन*

## ऐसी बेचारगी


कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद जिस तरह से पार्टी ने सोनिया गांधी को अंतरिम अध्यक्ष चुना क्या उससे यह नहीं समझा जाना चाहिए कि वह आगे बढ़ने के लिए दो कदम पीछे चली गई है! 134 साल पुरानी पार्टी में ऐसा बेचारगी का आलम कभी नहीं था। जब यह अपने घर के अंदर बिखरा पड़ा सामान ही सहेज नहीं पाई है तो ऐसे में तूफान का रूप धारण कर चुके भाजपा के राष्ट्रवाद से कैसे मुकाबला करेगी?

हरियाणा, झारखंड और महाराष्ट्र का चुनाव दरवाजे पर दस्तक दे चुका है। सोनिया गांधी अभी दो साल पहले ही अध्यक्ष पद से हटी थीं। कहने को उन्हें अंतरिम अध्यक्ष कहा जा रहा है मगर यह पद स्थायी भी हो सकता है। विडंबना है कि 1984 में जिस दल ने 414 लोकसभा सीटें जीती थीं आज वह इतना बिखर गया है कि उसके सदस्य सदन में और उसके बाहर पार्टी पर लगने वाले आरोपों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं। लगता है, अब युवा पीढ़ी यह मान चुकी है कि देश में जो भी गलत हुआ वह कांग्रेस के कारण हुआ और जो भी अच्छा हो रहा है वह 2014 के बाद हो रहा है। इससे देश अब न सिर्फ कांग्रेस मुक्त बल्कि विपक्ष मुक्त होने की तरफ भी तेजी से बढ़ रहा है।

● *जंग बहादुर सिंह, गोलपहाड़ी, जमशेदपुर*

**किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश**

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com




## उपेक्षा का खेल

भारत का राष्ट्रीय खेल हॉकी है लेकिन लोगों को शायद ही पता होगा कि अपनी हॉकी टीम का कप्तान कौन है! हॉकी का विश्व कप भारत जीता या हारा इससे किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता। लेकिन इस बार भारत क्रिकेट विश्व कप हारा तो हर तरफ निराशा का माहौल था। हॉकी की तरह ही अन्य खेलों की भी उपेक्षा हो रही है। जहां एक तरफ क्रिकेटर करोड़ों कमा रहे हैं तो दूसरी तरफ अन्य खेलों के खिलाड़ी अपना घर भी मुश्किल से चला रहे हैं। वे सब देश के लिए स्वर्ण पदक लाकर भी पीतल के भाव हो जाते हैं। क्रिकेट कप हाथ से गया, इसका तो सबको बहुत सदमा लगा पर हिमा दास ने भारत को पांच स्वर्ण पदक दिलाए उस पर खुशी की कोई लहर नहीं!

आखिर भारत सरकार अन्य खेलों को प्रोत्साहित क्यों नहीं कर रही है? क्यों इनके खिलाड़ियों की हालत इतनी खराब है कि वे अपना गुजारा भी बड़ी मुश्किल से कर रहे हैं। देश के लिए जीत कर भी वे खुद क्यों हार रहे हैं? सरकार को अन्य खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए बड़े स्तर पर खेल स्पर्धाएं आयोजित करनी चाहिए। मीडिया को अन्य खेलों के बारे में भी लोगों को अवगत कराना चाहिए। अन्य खेलों के खिलाड़ियों को अच्छी नौकरियों के साथ-साथ आर्थिक प्रोत्साहन की व्यवस्था करनी होगी। मीडिया का इसमें बड़ा योगदान हो सकता है। वह मैच जीतने पर केवल क्रिकेट खिलाड़ियों के इंटरव्यू न ले बल्कि हिमा दास जैसे देश को गौरवान्वित करने वालों को भी आगे लाए।

● *राघव जैन, जालंधर*

epaper.jansatta.com



## जरा हट के

हांगकांग के हजारों लोकतंत्र समर्थक सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के मुख्य टर्मिनल में घुस आए जो दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है।

## बोल

*चीन को अमेरिका द्वारा एशिया में मध्यम दूरी तक मार करने वाली मिसाइलें तैनात करने की योजना पर हैरान होने की जरूरत नहीं है क्योंकि हम इस बारे में कुछ समय से बात कर रहे थे।*
*-मार्क एस्पर, अमेरिका के रक्षा मंत्री*



## विवाद

*ऐसे में एक बार फिर पुलवामा जैसे हमले हो सकते हैं। मैं आशंका जता चुका हूं, यह होगा। वे हम पर फिर हमला कर सकते हैं और हम जवाब देंगे।*
*-इमरान खान, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री*



### सम-सामयिक

# सोलो : अब दुनिया की निगाहों में लद्दाख का खास पौधा

**जनसत्ता संवाद**

लद्दाख का एक खास पौधा अच्छी-खासी चर्चा में है। अनुच्छेद 370 के प्रावधान खत्म किए जाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टेलीविजन पर देश को संबोधित करने के दौरान इस पौधे का जिक्र करते हुए इसे संजीवनी बूटी बताया। प्रधानमंत्री मोदी के शब्दों में, 'लद्दाख में सोलो नाम का एक पौधा पाया जाता है। जानकारों का कहना है कि यह पौधा हाई ऐल्टिट्यूड पर रहने वालों के लिए, बर्फीली जगहों पर तैनात सुरक्षाबलों के लिए संजीवनी का काम करता है। कम ऑक्सीजन वाली जगह में इम्यून सिस्टम को संभाले रखने में इसकी भूमिका है। सोचिए, ऐसी चीज दुनिया भर में बिकनी चाहिए या नहीं? ऐसे अनगिनत पौधे, जड़ी-बूटियां जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बिखरी हुई हैं। उनकी पहचान होगी, बिक्री होगी तो वहां के किसानों को लाभ होगा।'

क्या है सोलो जड़ी-बूटी? सोलो नाम की यह औषधीय बूटी लद्दाख में पाई जाती है। यह साइबेरिया की पहाड़ियों में भी मिलती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह एक चमत्कारी जड़ी-बूटी है, जो शरीर की रोग-प्रतिरोधक प्रणाली को ठीक कर सकती है। यह जड़ी बूटी रेडियोधर्मिता से भी बचाव करती है। वैज्ञानिकों ने इस जड़ी-बूटी को 'रोडियोला' नाम दिया है। रोडियोला ठंडे और ऊंचाई वाली जगहों पर पाई जाती है। स्थानीय लोग रोडियोला को सोलो कहते हैं और इसकी पत्तियों का सब्जियों में प्रयोग करते हैं।

लेह स्थित डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ हाई एल्टीट्यूड रिसर्च (डीआइएचएआर) ने सोलो के इस्तेमाल पर शोध कर रखा है। डीआइएचएआर के निदेशक आरबी श्रीवास्तव के मुताबिक, 'रोडियोला एक आश्चर्यजनक पौधा है, जो रोग प्रतिरोधी क्षमता बढ़ाता है, कठिन जलवायु की स्थितियों में शरीर को अनुकूल बनाता है और रेडियोधर्मिता से बचाव करता है। इस पौधे में सीकोंडरी मेटाबोलाइट्स और फायटोएक्टिव तत्व पाएं जाते हैं, जो विशिष्ट हैं।' यह जड़ी बूटी बम या बॉयोकेमिकल लड़ाई से पैदा हुए गामा रेडिएशन के प्रभाव को कम करती है। लेह स्थित डीआरडीओ की प्रयोगशाला दुनिया की सबसे ऊंची जगह पर स्थित कृषि-जानवर शोध प्रयोगशाला है। इस प्रयोगशाला में रोडियोला पर एक दशक से शोध हो रहा है।

आरबी श्रीवास्तव का कहना है, 'इस पौधे की एडेप्टोजेनिक क्षमता सैनिकों और कम दवाब और कम ऑक्सीजन वाले वातावरण में अनुकूल होने में मदद कर सकती है, साथ ही इस पौधे में अवसाद-रोधी और भूख बढ़ाने वाला गुण भी है।' इस बूटी की मदद से भूख न लगने की समस्या को दूर किया जाता है। साथ ही यह बूटी याददाश्त को भी बेहतर करती है। इसका इस्तेमाल अवसाद की दवा के तौर पर भी किया जाता है।

अमेरिकी सरकार की एजंसी 'नेशनल सेंटर फॉर कॉम्प्लीमेंट्री एंड इंटिग्रेटिव हेल्थ' (एनसीसीआइएच) ने डीआरडीओ की शोध एजंसी से संपर्क साधा है। अमेरिकी एजंसी ने हाल में जारी अपने बयान में बताया है कि सोलो पौधों पर कुछ शोध हुआ है, जिससे यह अनुमान लगाया गया इसके सेवन से मानसिक तनाव दूर करने में मदद मिलती है।

मुख्य तौर पर सोलो की तीन प्रजातियां हैं। सोलो कारपो (सफेद), सोलो मारपो (लाल) और सोलो सेरपो (पीला)। सोलो कारपो (सफेद) का औषधीय उपयोग ज्यादा होता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि बढ़ती उम्र के प्रभाव से बचने में भी यह जड़ी-बूटी मददगार है। यह ऑक्सीजन में कमी के दौरान न्यूरॉन्स की रक्षा करती है। डीआरडीओ की प्रयोगशाला के वैज्ञानिकों ने अपने संस्थान की दो एकड़ जमीन में सोलो की खेती की है और इस पर लगातार शोध जारी है।



सोलो जड़ी-बूटी

- देश में लद्दाख ही एकमात्र जगह है जहां सोलो उगाई जाती है। यहां के स्थानीय वैद्य और आयुर्वेदिक डॉक्टर इस पौधे से दवाइयां बनाते हैं। वे मुख्यत: सोलो कारपो (सफेद) का प्रयोग करते हैं।
- ये पौधे 15 से 18 हजार फीट की ऊंचाई पर उगते हैं। लद्दाख में ये खारदुंग-ला, चांगला और पेंजिला इलाको में मिलते हैं।
- लद्दाख के लोग इस पौधे के पत्तेदार भाग की सब्जी बनाते हैं, जिसे 'तंगथुर' कहते हैं। यह व्यंजन स्थानीय लोगों के बीच खासा प्रचलित है।

### शोध-अनुसधान

# भारतीय वैज्ञानिकों ने खोजा तपेदिक का मूल कारण

**जनसत्ता संवाद**

भारतीय वैज्ञानिकों ने तपेदिक या टीबी (ट्यूबरकुलोसिस) को जड़ से खत्म करने का इलाज ढूंढ निकाला है। कोलकाता स्थित तीन केंद्रीय शोध संस्थानों के वैज्ञानिकों ने उन कारकों की पहचान की है, जिससे तपेदिक बैक्टीरिया का संक्रमण फैसला है। दुनिया के कई देशों में इस विषय को लेकर शोध चल रहे हैं। भारतीय वैज्ञानिक अब अपने शोध के नतीजों के चिकित्सकीय प्रयोग की तैयारी कर रहे हैं।

टीबी फैलाने वाला बैक्टीरिया लंबे समय तक मानव शरीर में निष्क्रिय रह सकता है, यहां तक कि संक्रामक होने से पहले कई दशकों तक निष्क्रिय रह सकता है। दरअसल, शुरुआती दौर में मैक्रोफेज नामक सफेद रक्त कोशिकाएं अन्य संक्रमणों की तरह ही, तपेदिक के बैक्टीरिया से भी लड़ती हैं। लेकिन इस मामले में मैक्रोफेज कोशिकाएं बैक्टीरिया को मारने के बजाय, इसके चारों ओर एक थैली के आकार में ढांचा बना देती हैं, जिसे ग्रेन्युलोमा कहा जाता है। इसकी मौजूदगी से बैक्टीरिया काफी समय तक निष्क्रिय बना रह सकता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने की स्थिति में ग्रेन्युलोमा थैली फटती है और तपेदिक बैक्टीरिया का संक्रमण शुरू हो जाता है।

कोलकाता स्थित सीएसआईआर-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल बायोलॉजी, बोस इंस्टीट्यूट और जादवपुर विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की एक टीम ने पता लगाया है कि मैक्रोफेज नाम की श्वेत रक्त कोशिकाओं द्वारा निर्मित थैलीनुमा ढांचे से टीबी का बैक्टीरिया कैसे बाहर निकलता है। यह एक ऐसा शोध है जिसपर दुनिया भर के शोधकर्ता अध्ययन कर रहे हैं। कोलकाता के शोधकर्ताओं के मुताबिक बैक्टीरिया एमपीटी 63 नामक प्रोटीन को शरीर से निकाल देता है। कभी-कभी इन प्रोटीन संरचनाओं में परिवर्तन भी हो जाता है। वह अचानक मेजबान कोशिकाओं यानी मैक्रोफेज के लिए जहरीला बन जाता है। यह कोशिकाओं को नष्ट कर शरीर में बैक्टीरिया फैला देता है।

**कोलकाता स्थित सीएसआइआर-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल बायोलॉजी, बोस इंस्टीट्यूट और जादवपुर विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की एक टीम ने पता लगाया है कि मैक्रोफेज नाम की श्वेत रक्त कोशिकाओं द्वारा निर्मित थैलीनुमा ढांचे से टीबी का बैक्टीरिया कैसे बाहर निकलता है। यह एक ऐसा शोध है जिसपर दुनिया भर के शोधकर्ता अध्ययन कर रहे हैं।**



शोधकर्ताओं की टीम

आइआइसीबी में स्ट्रक्चरल बायोलॉजी एंड बायोइनफॉरमैटिक्स डिवीजन के प्रमुख और टीम लीडर डॉ. कृष्णानंद चट्टोपाध्याय के मुताबिक उनकी टीम अब ट्यूबरकुलोसिस बेसिलस में इन निष्कर्षो का प्रयोग करने की कोशिश करेगी और देखेगी कि क्या इसका उपयोग नए चिकित्सीय उपायों के लिए किया जा सकता है या नहीं। शोधकर्ताओं की टीम में अचिंत्य सन्निग्रही, इंद्राणी नंदी, सायंतनी चैलेंज, जुनैद जिब्रान जावेद, अनिमेष हलदर, सुब्रत मजुमदार और सनत करमाकर शामिल थे। जॉ. चट्टोपाध्याय के मुताबिक, जल्द ही शोध नतीजों को एसीएस केमिकल बायोलॉजी जर्नल में प्रकाशित कराए जाएंगे।

इस खोज के माध्यम से शोधकर्ता अब एमपीटी 63 के प्रभाव को कम करने के तरीकों को देखना शुरू कर सकते हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक, हो सकता है कि इस प्रोटीन की वजह से ही वह थैलीनुमा ढांचा फट जाता हो। शोध में पाया गया कि कृत्रिम रूप से उत्पादित एमपीटी63 प्रोटीन अणु अम्लता के विभिन्न स्तरों से प्रभावित होता था। जब अम्लता अधिक होती तो इसकी संरचना नाटकीय रूप से बदल जाती। इस बदले रूप को बीटा-शीट कहा जाता है और यह अम्लीय स्थिति में एक पेचदार रूप में बदल जाता है, जहरीला होकर कोशिका झिल्ली में प्रवेश कर जाता है, परिणामस्वरूप श्वेत रक्त कोशिकाओं की मौत हो जाती है और बैक्टीरिया बाहर निकल जाता है। टीबी एक संक्रामक बीमारी है, जो ट्यूबरकुलोसिस बैक्टीरिया के कारण होती है। इसे तपेदिक और क्षय रोग भी कहा जाता है। टीबी को आज किसी भी अन्य संक्रामक बीमारी से अधिक लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार माना जाता है। 2017 में इस बीमारी ने दुनियाभर में 10 मिलियन लोगों को बीमार किया वहीं 1.6 मिलियन लोगों की जान ले ली। भारत में हर दिन 11,00 से ज्यादा लोगों की मौत टीबी की वजह से होती है।

### विश्व परिक्रमा

## अमेरिका चाहता है एशिया में मिसाइलें तैनात करना

**रविवार, 4 अगस्त :** अमेरिका के नए रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने शनिवार को कहा कि वाशिंगटन एशिया में जल्द ही मध्यम दूरी तक मार करने वाली नई मिसाइलें तैनात करना चाहता है। इस कदम का उद्देश्य क्षेत्र में चीन के उभरते दबदबे को कम करना है।

## टेक्सास के स्टोर में गोलीबारी से 20 की मौत

**सोमवार, 5 अगस्त :** अमेरिका में शनिवार को टेक्सास में एक बंदूकधारी ने 20 लोगों को मौत के घाट उतार दिया और कई अन्य को घायल कर दिया। 21 वर्षीय बंदूकधारी ने टेक्सास के दक्षिणी नगर अल पासो में वॉलमार्ट के एक स्टोर में खरीदारी कर रहे लोगों पर अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दीं।

## दो परमाणु शक्ति संपन्न देशों में संबंध बिगड़ेंगे

**मंगलवार, 6 अगस्त :** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 को रद्द करने को सोमवार को अवैध करार दिया। खान ने मलेशिया के प्रधानमंत्री से कहा, 'भारत का कदम परमाणु हथियारों से लैस दो पड़ोसी देशों के बीच संबंधों को और बिगाड़ेगा।'



एंटोनियो गुतारेस

## संयुक्त राष्ट्र ने संयम बरतने की अपील की

**बुधवार, 7 अगस्त :** संयुक्त राष्ट्र संघ ने भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण हालात की आशंका जताई है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुतारेस ने चिंता जताई और दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा, 'हम क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति से चिंतित हैं और उस पर नजर रख रहे हैं। हम सभी पक्षों से संयम बरतने का अनुरोध करते हैं।'

## पाक ने भारत के साथ राजनयिक संबंध घटाए

**गुरुवार, 8 अगस्त :** अनुच्छेद 370 खत्म करने के भारत सरकार के फैसले से बौखलाए पाकिस्तान ने बुधवार को भारत के साथ राजनयिक संबंधों का दर्जा घटाने (डाउनग्रेड) का एलान किया। पाकिस्तान ने भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार को निलंबित कर दिया है।

## पाक ने बाघा पर छोड़ा समझौता एक्सप्रेस

**शुक्रवार, 9 अगस्त :** लाहौर से आ रही समझौता एक्सप्रेस के पाकिस्तानी ड्राइवर और गार्ड ने ट्रेन को वाघा सीमा पर ही छोड़ दिया। पाक ने भारत की सीमा में अपने गार्ड और ड्राइवर को भेजने से मना कर दिया। इस कारण ट्रेन घंटों तक वाघा में अटकी रही।

## कश्मीर नीति में कोई बदलाव नहीं : अमेरिका

**शनिवार, 10 अगस्त :** अमेरिका ने शुक्रवार को कहा कि कश्मीर पर उसकी नीति में कोई बदलाव नहीं आया है और उसने भारत तथा पाकिस्तान से शांति एवं संयम बरतने का आह्वान किया। इसकी जानकारी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मोर्गन ओर्टागस ने संवाददाताओं को दी।

### जानें-समझें

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा

# परिसीमन से कैसे बदलेगी तस्वीर

**दीपक रस्तोगी**

केंद्र सरकार विधानसभा चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर राज्य का परिसीमन करना चाहती है और इसकी तैयारी अंतिम चरण में है। इस मसले पर गृह मंत्रालय, राज्यपाल और चुनाव आयोग एक-दूसरे के संपर्क में हैं। जम्मू-कश्मीर में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव कराए जाने की मंशा सरकार जता चुकी है, लेकिन विधानसभा चुनावों में अभी कुछ और महीनों का वक्त लग सकता है। चुनाव आयोग पहले विधानसभा सीटों का परिसीमन करेगा और उसके बाद ही चुनाव की प्रक्रिया शुरू की जा सकेगी। इसमें कम से कम चार महीने का वक्त लग सकता है। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन विधेयक, 2019 के मुताबिक सूबे में विधानसभा सीटों का परिसीमन जरूरी है। परिसीमन की सुगबुगाहट से राजनीतिक गहमागहमी तेज हो गई है।

### जल्द शुरू होगी कवायद

चुनाव आयोग ने अभी औपचारिक तौर पर सीटों के परिसीमन को लेकर सरकार से बातचीत नहीं की है। राज्य के मुख्य निर्वाचन आयुक्त जल्द ही चुनाव आयोग से राज्य को लेकर पारित विधेयकों और परिसीमन के प्रस्ताव की जानकारी साझा करेंगे। नए परिसीमन के तहत केंद्र शासित प्रदेश बनने वाले जम्मू-कश्मीर में अब विधानसभा की सीटों में एससी और एसटी को आरक्षण भी मिल सकेगा। चुनाव आयोग कह चुका है कि जम्मू-कश्मीर में 15 अगस्त और अमरनाथ यात्रा के बाद ही चुनाव के बारे में बात की जा सकती है।

### सीटों का गणित क्या हो सकता है?

सीटों की संख्या बढ़कर 114 की जा सकती है। अब तक 24 सीटें पाक अधिकृत कश्मीर के नाम पर रिक्त रखी जाती थीं और अब भी यह सीटें खाली छोड़ी जाएंगी। जम्मू-कश्मीर में पहले 87 विधानसभा सीटें थीं। लद्दाख को अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाए जाने के बाद चार सीटें कम हो जाएंगी। अभी पूरे कश्मीर में 46 विधानसभा और तीन लोकसभा सीटें हैं। जम्मू में 37 विधानसभा और दो लोकसभा सीटें हैं।

## क्या है जानकारों की राय



जम्मू-कश्मीर में पंचायत चुनाव के दौरान स्थानीय लोग। *(फाइल फोटो)*



जम्मू-कश्मीर में परिसीमन की जरूरत अरसे से महसूस होती रही है। राजनीतिक असमानता का मुद्दा जम्मू और लद्दाख के लोग उठा रहे हैं। परिसीमन की कवायद हर बात को ध्यान में रखकर की जाएगी। राज्य में कब चुनाव कराए जाएं, यह चुनाव आयोग तय करेगा। पूरा जम्मू-कश्मीर सरकार के फैसले के साथ है।
*- राम माधव, भाजपा नेता*



परिसीमन में एक साल से ज्यादा का समय लग सकता है। अब दूसरे राज्य से आकर जम्मू-कश्मीर में किन्हीं कारणों से छह महीने से अधिक समय से रह रहे लोगों को भी मतदाता में जुड़ने का अधिकार मिलेगा। इनमें दलित, शरणार्थी, गोरखा और वे महिलाएं भी शामिल होंगी, जिन्होंने राज्य से बाहर शादी की थी।
*- एसके मेंदीरत्ता, चुनाव आयोग के पूर्व कानूनी सलाहकार*



जम्मू-कश्मीर को लेकर चल रही कवायद केंद्र सरकार के तानाशाही रवैये को दर्शाता है। केंद्र ने कश्मीर की गलतियों की सजा जम्मू के लोगों को दी है। केंद्र सरकार को जम्मू को अलग राज्य घोषित करना चाहिए, जिससे लोगों के साथ भेदभाव खत्म होगा।
*- हर्षदेव सिंह, पूर्व मंत्री एवं अध्यक्ष जम्मू-कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी*

### बढ़ेगी मतदाताओं की संख्या

करीब सात लाख ऐसे मतदाता बढ़ेंगे, जिन्हें धारा 35ए लागू होने के कारण विधानसभा चुनाव में मताधिकार नहीं था। अनुच्छेद 370 के निष्प्रभावी होते ही घाटी से 35ए भी हट गया है। नए वोटरों में दलित, शरणार्थी, गोरखा और राज्य से बाहर शादी करने वाली महिलाएं होंगी। 2014 की तुलना में 2019 के लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर में 6.40 लाख वोटर बढ़े हैं। 2014 में भाजपा का वोट शेयर 32.6 फीसद था, जो 2019 के लोकसभा चुनाव में 46.40 फीसद हो गया। साल के अंत तक होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची संशोधित होगी। अनुच्छेद 35ए के तहत जम्मू-कश्मीर के गैर-नागरिकों को सिर्फ लोकसभा चुनाव में वोट डालने का अधिकार मिल रहा था। परिसीमन के बाद आने वाली नई मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या 7 से 15 लाख के बीच बढ़ सकती है।

### सामाजिक समीकरणों पर असर

2011 की जनगणना के मुताबिक जम्मू संभाग की आबादी 5378538 है, जो राज्य की 42.89 फीसद आबादी है। जम्मू संभाग 26200 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है, यानी राज्य का 25.93 फीसद क्षेत्र जम्मू संभाग में आता है। यहां विधानसभा की कुल 37 सीटें हैं। कश्मीर की आबादी 6888475 है, जो राज्य की आबादी का 54.93 फीसद हिस्सा है। कश्मीर संभाग का क्षेत्रफल राज्य के क्षेत्रफल 15900 वर्ग किलोमीटर है, जो 15.73 फीसद है। यहां से कुल 46 विधायक चुने जाते हैं। सरकार यहां इसलिए परिसीमन पर जोर दे रही है ताकि एससी और एसटी समुदाय के लिए सीटों के आरक्षण की नई व्यवस्था लागू की जा सके। घाटी की किसी भी सीट पर आरक्षण नहीं है, लेकिन यहां 11 फीसद गुज्जर-बक्करवाल और गद्दी जनजाति समुदाय के लोगों की आबादी है। जम्मू संभाग में सात सीटें एससी के लिए आरक्षित हैं, जिनका रोटेशन नहीं हुआ है।

### राजनीतिक गणित पर असर

कश्मीर संभाग की आबादी राज्य की जनसंख्या का लगभग 55 फीसद है। जबकि राज्य के कुल क्षेत्रफल में कश्मीर का हिस्सा सिर्फ 16 फीसद है। यानी कश्मीर में एक विधायक प्रति 349 वर्ग किमी पर चुना जाता रहा है, जबकि जम्मू क्षेत्र में एक विधायक 710 वर्ग किमी पर चुना जाता है। कश्मीर की आबादी में 96फीसद मुसलिम और 2.5 फीसद हिंदू हैं। वहीं, जम्मू में 62.6 फीसद हिंदू और 33.5 फीसद मुसलिम हैं। नए सिरे से परिसीमन होने से राज्य में राजनीतिक असंतुलन खत्म होगा।

### व्यक्तित्व

# जमुना टुडू : महिला ब्रिगेड के साथ जंगल माफिया से लोहा

**जनसत्ता संवाद**

पूर्वी सिंहभूम के मुटुरखंब गांव की जुमना टुडू को लोग 'लेडी टार्जन' के नाम से जानते हैं। ओडिशा में जन्मीं 38 वर्षीय जमुना टुडू ने जंगल बचाने की मुहिम चलाई। उन्हें वन एवं पर्यावरण के संवर्द्धन और संरक्षण के उल्लेखनीय कार्यों के लिए देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। जमुना टुडू पर्यावरण कार्यकर्ता हैं। उन्होंने झारखंड के विभिन्न इलाकों में महिलाओं के कुल तीन सौ समूह बनाए हैं, जिसे वे 'वन प्रबंधन रक्षा समिति' कहती हैं। वे अपनी साथी महिलाओं के साथ झारखंड के विभिन्न इलाकों में जंगल माफिया से लोहा लेती हैं और पेड़ों की अवैध कटाई को रोकती हैं। झारखंड की इस लेडी टार्जन की कहानी पर फिल्म बनाने की तैयारी की जा रही है। बॉलीवुड फिल्म निर्माता-निर्देशक चिलुकुरी प्रसाद एवं कथा लेखक धर्मेंद्र बघेल ने पिछले हफ्ते ही जमुना टुडू पर बायोपिक बनाने की घोषणा की है। जमुना टुडू के जंगल बचाने की इस अभियान की शुरुआत साल 2000 में हुई थी। वे ओडिशा के रायरंगपुर की रहने वाली हैं। उनके गांव में पेड़ बहुत कम थे, इसलिए उन्हें पेड़-पौधों का महत्त्व मालूम था। इसलिए जब उनका ब्याह हुआ और वे झारखंड के पश्चिम बंगाल की सीमा से सटे घाटशिला के मुटुरखाम गांव आईं तो यहां के लोगों को जंगल को काटते हुए देखकर बेहद दुखी हुईं। वे घर-बाहर में जंगल बचाने की बात करने लगी। यह बात पूरे गांव में फैल गई। जंगल से लकड़ी काटकर लाने को परंपरा और जीवन-यापन का जरिया बताकर जमुना का विरोध किया जाने लगा। बावजूद इसके जंगल बचाने का प्रण ले चुकी जमुना अडिग रहीं। इसके बाद उन्होंने गांव की ही कुछ महिलाओं को एकत्रित किया और उन्हें जंगल बचाने के लिए प्रेरित करने लगी। वे महिलाओं को पेड़-पौधों के लाभ गिनाने लगी और इस तरह जंगल बचाने का अभियान शुरू हुआ। जमुना घर का काम खत्म कर अपनी महिला साथियों को लेकर जंगल में जातीं और वन माफियों को जंगल से भगातीं। माफिया से लड़ने और गांव के आसपास के 50 हेक्टेयर के जंगल की रक्षा करने के लिए वे और उनकी महिला साथी तीर, धनुष, डंडे लेकर जंगलों में गश्त लगातीं।



शुरू में जहां इस मुहिम में उनके साथ सिर्फ पांच-छह महिलाएं थीं, वहीं अब उनके साथ पूरा गांव हो गया। 2004 में उन्होंने 'वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति' बनाई, जिससे गांव की 60 महिलाएं जुड़ीं। अब उनकी समिति की 300 से ज्यादा शाखाएं हैं।

जमुना टुडू ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्त्वपूर्ण कार्य किया है इसका प्रमाण है एक समिति में कई महिला सदस्य का होना। ये सभी महिलाएं जंगलों में गश्ती कर पेड़-पौधों को बचाने का प्रयास करती हैं।

जमुना और उनकी टीम अपनी जान पर खेल कर पेड़ों की रक्षा करती हैं। वनों को कटने से बचाने के साथ-साथ यह समिति नए पौधे लगाकर जंगलों को सघन बनाने में भी योगदान देती। 20 वर्षों में, उन्होंने झारखंड के 300 गांवों में 50 एकड़ से अधिक जंगल बचाए हैं। यही नहीं झारखंड सशस्त्र पुलिस उसके साथ जंगलों की सुरक्षा में काम करती है।

जमुना टुडू को 2014 के श्री शक्ति पुरस्कार, और 2013 के गॉडफ्रे फिलिप्स बहादुरी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# भारत की जीत में कोहली, भुवनेश्वर चमके

पोर्ट आफ स्पेन, 12 अगस्त (भाषा)।

कप्तान विराट कोहली के शानदार शतक के बाद भुवनेश्वर कुमार के चार विकेट की बदौलत भारत ने वर्षा से प्रभावित दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्ट इंडीज को डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत 59 रन से हराकर कैरेबियाई दौरे पर अपना अजेय अभियान जारी रखा।

रविवार को दर्ज की गई इस जीत की बदौलत भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है। दोनों टीमों के बीच पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। तीसरा और अंतिम एकदिवसीय मैच बुधवार को इसी मैदान पर खेल जाएगा।

टास जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत ने कोहली की 125 गेंद पर 14 चौकों और एक छक्के की मदद से 120 रन की पारी से सात विकेट पर 279 रन बनाए। यह वनडे में उनका 42वां शतक है। उन्होंने इस बीच श्रेयस अय्यर (68 गेंदों पर 71) के साथ चौथे विकेट के लिए 125 रन की साझेदारी की। वेस्टइंडीज ने अंतिम दस ओवर में वापसी की और इस बीच केवल 67 रन दिए और चार विकेट लिए। उसकी तरफ से कार्लोस ब्रेथवेट ने 53 रन देकर तीन विकेट लिए।

मैच में दूसरी बार बारिश का खलल पड़ने के बाद वेस्ट इंडरीज को डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत 46 ओवर में 270 रन का लक्ष्य मिला।

वेस्ट इंडीज की टीम इसके जवाब में एक समय चार विकेट पर 148 रन बनाकर अच्छी स्थिति में दिख रही थी लेकिन मेजबान टीम ने अंतिम छह विकेट 62 रन पर गंवा दिए और पूरी टीम 42 ओवर में 210 रन पर ढेर हो गई।

## विराट का कीर्तिमान

**कोहली** ने 19वां रन बनाते ही वेस्टइंडीज के खिलाफ सर्वाधिक व्यक्तिगत रन का रेकॉर्ड अपने नाम किया। इससे पहले यह रेकॉर्ड पाकिस्तान के जावेद मियांदाद (1930) के नाम पर था। कोहली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी 34वीं पारी में 2000 रन भी पूरे करके अपने साथी रोहित का कीर्तिमान तोड़ा जिन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 37 पारियों में यह मुकाम हासिल किया था।

## गेल की उपलब्धि

**अपना** 300वां मैच खेल रहे क्रिस गेल इस पारी के दौरान महान बल्लेबाज ब्रायन लारा को पीछे छोड़कर एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक रन बनाने वाले वेस्ट इंडीज के बल्लेबाज बने। गेल को इस उपलब्धि हासिल के लिए सात रन चाहिए थे और उन्होंने खलील अहमद के नौवें ओवर में एक रन के साथ इसे हासिल किया। गेल के नाम पर अब 10353 रन दर्ज हैं जबकि लारा ने 10348 रन बनाए थे। वे इस मैच के दौरान सर्वाधिक वनडे खेलने वाले कैरेबियाई बल्लेबाज भी बने।



क्रिस गेल



त्रिनिनाड के पोर्ट ऑफ स्पेन में दूसरे एकदिवसीय मैच के दौरान वेस्ट इंडीज के गेंदबाज शेल्डन की गेंद पर रन के लिए विकेटों के बीच दौड़ लगाते हुए विराट कोहली और रोहित शर्मा।

भारत की ओर से भुवनेश्वर कुमार ने 31 रन देकर चार विकेट, जबकि मोहम्मद शमी (39 रन पर दो विकेट) और कुलदीप यादव (59 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे वेस्ट इंडीज के लिए क्रिस गेल और एविन लुईस (65) ने पहले विकेट के लिए 9.3 ओवर में 45 रन जोड़े। गेल भुवनेश्वर के पारी के 13वें ओवर में पगबाधा हो गए। उन्होंने 24 गेंद में सिर्फ 11 रन बनाए। शाई होप भी इसके बाद खलील की गेंद को विकेटों पर खेल गए। शिमरोन हेटमायर (18) कुलदीप की गेंद पर शार्ट कवर पर कोहली को कैच दे बैठे।

पैर में जकड़न के बावजूद लुईस ने अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने निकोलस पूरण (42) के साथ चौथे विकेट के लिए 56 रन जोड़े। कोहली ने कुलदीप की गेंद पर लुईस का एक हाथ से शानदार कैच लपका।

पूरण, रोस्टन चेस (18) और केमार रोच (00) को भुवनेश्वर ने पवेलियन भेजा। शमी ने शेल्डन कोटरेल और ओशेन थामस को आउट करके भारत को जीत दिलाई।

इससे पूर्व पहले ओवर में क्रीज पर उतरे कोहली शुरू से ही लय में दिखे। शिखर धवन (दो) की एक और नाकामी के बाद उन्होंने रोहित शर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 74 रन जोड़े। इसमें रोहित का योगदान 34 गेंदों पर 18 रन का रहा।


कोहली ने पिछली 11 पारियों का इंतजार खत्म करते हुए 112 गेंदों में अपना सैकड़ा पूरा किया। वेस्टइंडीज के खिलाफ यह उनका आठवां और कप्तान के रूप में छठा शतक है जो कि रेकॉर्ड है। अपनी पारी के दौरान सौरव गांगुली (11363) की रन संख्या को उन्होंने पीछे छोड़ा।

अय्यर ने मौके का पूरा फायदा उठाया और चौथे नंबर पर अपना दावा मजबूत किया क्योंकि ऋषभ पंत (35 गेंदों पर 20) फिर से इस नंबर के साथ न्याय नहीं कर पाए। अय्यर ने 49 गेंदों पर अपने करिअर का तीसरा अर्धशतक पूरा किया।

कोहली को आखिर में ब्रेथवेट ने आउट किया जिससे स्कोर चार विकेट पर 226 रन हो गया। इसके बाद भारतीय टीम बाकी बचे 8.3 ओवर में 53 रन ही जोड़ पाई और इस बीच उसने तीन विकेट भी गंवाए। अय्यर ने अपनी 71 रन की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया।

भारत ने डेथ ओवरों में केदार जाधव (16) और भुवनेश्वर कुमार (एक) के भी विकेट गंवाए। रविंद्र जडेजा 16 और मोहम्मद शमी तीन रन बनाकर नाबाद रहे।

## खबर कोना



बाल्टीमोर ओरियल्स और हाउसटन एस्टर्स के बीच बेसबाल मुकाबले की शुरुआत पर अमेरिकी महिला क्रिकेटर लिजा रामजित गेंद फेंकती हुई।

### बोपन्ना ने लगाई लंबी छलांग, प्रजनेश 91वें स्थान पर खिसके

नई दिल्ली, 12 अगस्त (भाषा)।

भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना एटीपी मांट्रियल मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचने के कारण एटीपी की ताजा विश्व रैंकिंग में सात पायदान की लंबी छलांग लगाकर पुरुष युगल में 39वें स्थान पर पहुंच गए जो पिछले 14 सप्ताह में उनकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। बोपन्ना और उनके जोड़ीदार डेनिस शापोवालोव इस एटीपी टूर्नामेंट के पुरुष युगल सेमीफाइनल में रोबिन हास और वेस्ले कूलहोफ की नीदरलैंड की जोड़ी से 6-7 (3-7), 6-7 से हार गए थे। इस हार के बावजूद बोपन्ना को रैंकिंग में फायदा हुआ और वे अपने अंकों की संख्या 2065 तक पहुंचाने में सफल रहे। पुरुष युगल रैंकिंग में दिविज शरण 47वें और लिएंडर पेस 71वें स्थान पर बने हुए हैं। जीवन नेदुंचेझियन (एक पायदान नीचे 85वें) और पुरव राजा (एक पायदान नीचे 86वें) शीर्ष 100 में शामिल अन्य भारतीय हैं। एकल वर्ग में प्रजनेश गुणेश्वरन एक पायदान नीचे 91वें स्थान पर खिसक गए हैं। साकेत मयनेनी 21 स्थान चढ़कर 250वें स्थान पर पहुंच गए हैं। मयनेनी भारतीय डेविस कप टीम का हिस्सा हैं। महिला एकल वर्ग में अंकिता रैना दो पायदान नीचे 197वें स्थान पर लुढ़क गई हैं।

### सीओए बैठक में बीसीसीआइ चुनाव, नाडा के दायरे में आने पर हो सकती है चर्चा

मुंबई, 12 अगस्त (भाषा)।

बीसीसीआई के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के दायरे में आने और बोर्ड के चुनावों पर मंगलवार को यहां होने वाली प्रशासकों की समिति (सीओए) की बैठक में चर्चा होने की उम्मीद है ।पिछले हफ्ते बीसीसीआइ के नाडा के अंतर्गत आने पर सहमति जताने के बाद सीओए की यह पहली बैठक होगी। सीओए सदस्यों के चर्चा करने की संभावना है कि इस नए बदलाव को कैसे बीसीसीआइ के संविधान में जगह दी जाए ।वर्षों के इनकार के बाद बीसीसीआइ नई दिल्ली में खेल मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों के साथ अपने सीईओ राहुल जोहरी की बैठक के बाद पिछले शुक्रवार को नाडा के दायरे में आने पर सहमत हो गया। माना जा रहा है कि डोपिंग के प्रति 'शून्य सहिष्णुता' की नीति के कारण सीओए इस मुद्दे पर लंबी चर्चा कर सकता है।

सीओए में अध्यक्ष विनोद राय के अलावा डायना इडुल्जी और लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) रवि थोडगे भी शामिल हैं। समिति राज्य संघों के चुनाव के संदर्भ में और इसके बाद होने वाले बीसीसीआइ के चुनावों को लेकर भी स्थिति का जायजा लेगी। बीसीसीआइ चुनाव 22 अक्तूबर को होने हैं।

## 'यह मेरे लिए आगे बढ़कर जिम्मेदारी लेने का मौका था'

पोर्ट आफ स्पेन, 12 अगस्त (भाषा)।



भारतीय कप्तान विराट कोहली ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत के बाद कहा कि शुरुआती विकेट गंवाने के बाद यह आगे बढ़कर जिम्मेदारी लेने की उनकी बारी थी। 30 साल के कोहली ने 125 गेंद में 120 रन की पारी खेली। भारत ने डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत मैच 59 रन से जीता। कोहली ने कहा, 'हमें पता था कि 270 से ऊपर का कोई भी लक्ष्य चुनौतीपूर्ण होगा। टीम को जब जरूरत थी तब शतक जड़कर अच्छा लग रहा है। शिखर और रोहित बड़ी पारी नहीं खेल पाए। शीर्ष तीन में से एक को हमेशा बड़ी पारी खेलनी होती है।'

उन्होंने कहा, 'हमने बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया। अगर वेस्ट इंडीज की पारी का दूसरा हिस्सा देखो तो बल्लेबाजी करने में मुश्किल हो रही थी। मुझे लगता है कि बारिश से उन्हें मदद मिली, अन्यथा बल्लेबाजी करना और मुश्किल होता।' कोहली ने कहा कि श्रेयस अय्यर काफी आत्मविश्वास से खेलने वाले बल्लेबाज हैं और उनका रवैया भी सही है। उन्होंने तेजी से रन बनाए और मेरे ऊपर से दबाव कम किया। मेरे आउट होने के बाद अतिरिक्त रन भी बनाए।'

## बल्लेबाजों को जिम्मेदारी लेनी होगी : होल्डर

पोर्ट आफ स्पेन, 12 अगस्त (भाषा)।



वेस्टइंडीज के कप्तान जेसन होल्डर ने कहा कि अंतिम छह विकेट 62 रन पर खोने के कारण वेस्ट इंडीज को मैच गंवाना पड़ा। होल्डर ने कहा, 'बेहद निराशाजनक। हमने काफी अच्छी गेंदबाजी की और मैच हमारे हाथों में था। हमने अंतिम लम्हों में अहम विकेट गंवाए और मैच हार गए।' 'हमें जिम्मेदारी लेनी होगी। हमें मैच को और लंबा खींचना होगा। पिच काफी अच्छी थी और उमस भरे हालात के बावजूद गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। बल्लेबाजों को जिम्मेदारी लेनी होगी।

## मुझे अब अधिक मौके मिलने की उम्मीद : श्रेयस

पोर्ट आफ स्पेन, 12 अगस्त (भाषा)।

भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को उम्मीद है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में 71 रन की पारी से उन्हें भारतीय टीम में नियमित जगह बनाने में मदद मिलेगी।



उन्होंने अपने इस प्रदर्शन का श्रेय भारत ए टीम के साथ बिताए समय को दिया। कप्तान विराट कोहली ने भी मैच के बाद कहा कि अय्यर की पारी ने उनके ऊपर से दबाव कम किया।

टी20 श्रृंखला के दौरान मौके से वंचित रहे 24 साल से अय्यर ने कहा, 'मैं कुछ समय के लिए टीम में रहना चाहता हूं, निरंतरता हमेशा महत्त्वपूर्ण होती है। मैं अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं और टीम के लिए योगदान देना चाहता हूं।' पिछले महीने भारत ए के वेस्टइंडीज दौरे पर दो अर्धशतक जड़ने वाले अय्यर ने कहा कि परिस्थितियों की जानकारी होने के कारण वे एकदिवसीय श्रृंखला में अच्छे प्रदर्शन करने को लेकर आश्वस्त थे।

अय्यर ने कहा, 'यह अच्छा दिन रहा। मुझे पता था कि मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगा, मैं भारत ए के लिए खेला और मैं इन मैदानों पर खेला, अपनी पारी को मैंने अच्छी गति दी और मुझे लगता है कि मैं अच्छा खेला।' कोहली के साथ साझेदारी पर अय्यर ने कहा, 'मैंने फैसला किया कि मैं कोई जोखिम नहीं उठाऊंगा, विराट ने कहा कि हमें साझेदारी करने की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'उन्होंने मेरा अच्छा समर्थन किया, हमने एक और दो रन लिए और जब मौका मिला तो बाउंड्री लगाई। हमने फैसला किया कि 250 रन अच्छा स्कोर रहेगा, बेशक हमने 30 रन अधिक बनाए।

## अय्यर को वनडे टीम में स्थायी जगह मिले : गावस्कर

नई दिल्ली, 12 अगस्त (भाषा)।

पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि ऋषभ पंत की तुलना में श्रेयस अय्यर एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में चौथे स्थान के लिए बेहतर विकल्प हैं और भारतीय मध्यक्रम में उन्हें स्थायी जगह मिलनी चाहिए।



एक साल बाद भारतीय टीम में जगह बनाने वाले अय्यर ने रविवार पोर्ट आफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे में 68 गेंद में 71 रन की पारी खेली।

गावस्कर ने 'सोनी टेन' चैनल से कहा, 'मेरे नजरिये से ऋषभ पंत महेंद्र सिंह धोनी की तरह पांचवें या छठे स्थान पर फिनिशर के रूप में बेहतर है क्योंकि यहीं वे अपना स्वाभाविक खेल दिखा सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'विराट कोहली, शिखर धवन और रोहित शर्मा अगर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाते हैं और 40-45 ओवर तक बल्लेबाजी करते हैं तो पंत चौथे नंबर पर ठीक है लेकिन अगर 30-35 ओवर तक बल्लेबाजी करनी है तो मुझे लगता है कि श्रेयस अय्यर चौथे और पंत पांचवें स्थान पर होना चाहिए।' गावस्कर ने कहा, 'अय्यर ने मौके का फायदा उठाया। वे पांचवें नंबर पर उतरे। उनके पास काफी ओवर थे और कप्तान विराट कोहली उसके साथ खेल रहे थे। इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता क्योंकि कप्तान आपके ऊपर से दबाव कम करता है।'



**क्लिक** लंदन में सोमवार को आस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के कप्तान टिम पैन नेट अभ्यास से पहले ग्रुप फोटो खिंचवाने की तैयारी में ।

## मैं जिंदगी का भरपूर लुत्फ उठाना चाहता हूं : कोहली

पोर्ट आफ स्पेन, 12 अगस्त (भाषा)।

विराट कोहली नहीं चाहते कि क्रिकेट और जिंदगी का लुत्फ उठाते समय कप्तानी उनके आड़े आए और भारतीय कप्तान ने कहा कि यही वजह है कि अक्सर कानों में संगीत पड़ने पर वे मैदान पर थिरकने लग जाते हैं।

कोहली को वेस्ट इंडीज के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में बारिश के खलल के दौरान क्रिस गेल और मैदानकर्मियों के साथ कैरेबियाई धुनों पर थिरकते हुए देखा गया।



कोहली ने दूसरे वनडे के बाद युजवेंद्र चहल से कहा, 'मैं बेहद खुले दिमाग का इंसान हूं और इसलिए जब भी मुझे संगीत सुनाई देता है तो मेरे पांव खुद ही थिरकने लग जाते हैं।'

बीसीसीआइ.टीवी पर पोस्ट किए गए इस वीडियो में कोहली ने कहा, 'मैं मैदान पर हर पल का लुत्फ उठाना चाहता हूं। यह मेरे ऊपर भगवान की कृपा है। यह मायने नहीं रखता कि मैं कप्तान हूं या नहीं। मैं एक खास अंदाज में नहीं चलता कि मैं कप्तान हूं तो मुझे इस तरह से खड़ा रहना है।' कोहली ने कहा, 'भगवान ने इतनी अच्छी जिंदगी दी है, देश के लिए खेलने का इतना अच्छा मौका दिया है तो मुझे लगता है कि हमें इन पलों का भरपूर आनंद लेना चाहिए। विरोधी टीमों के साथ भी कभी-कभी मजाक करना अच्छा लगता है।'

कोहली ने कहा, 'मैं हमेशा अपनी टीम के लिए किसी भी तरह से कड़ी मेहनत करना चाहता हूं चाहे फिर वह जरूरी कैच लेना हो या रन आउट करना।' उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि हर खिलाड़ी को अपनी जीवनशैली इस तरह से बनानी चाहिए और अनुशासित रहना चाहिए ताकि वह मैदान पर शत प्रतिशत दे सको। अगर आप ऐसा नहीं करते तो आप अपनी टीम के साथ न्याय नहीं कर सकते।

मैं वह हर काम करता हूं जिससे मैं टीम के लिए अपना पूरा योगदान दे सकूं।'

कोहली ने कहा, 'मैंने अपनी जीवनशैली, अभ्यास और खानपान इस तरह से बदला है ताकि मैं कड़ी परिस्थितियों में भी टीम के लिए योगदान देने में सक्षम रहूं। इससे इस तरह के दिनों में मदद मिलती है जबकि परिस्थितियां काफी कठिन होती हैं।'

## डेविस कप पर सरकार फैसला नहीं कर सकती : रिजीजू

नई दिल्ली, 12 अगस्त (भाषा)।



खेल मंत्री कीरेन रीजीजू ने सोमवार को कहा कि भारत को पाकिस्तान में अगले महीने होने वाले डेविस कप मुकाबले में भाग लेना चाहिए या नहीं इस पर सरकार फैसला नहीं कर सकती क्योंकि यह द्विपक्षीय प्रतियोगिता नहीं है।

भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया ओसियाना क्षेत्र ग्रुप ए डेविस कप मुकाबला 14 और 15 सितंबर को इस्लामाबाद में होगा लेकिन जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के कारण इस पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं।

रीजीजू ने खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय के एक कार्यक्रम से इतर कहा, 'अगर यह द्विपक्षीय खेल प्रतियोगिता होती तो फिर भारत को पाकिस्तान से खेलना चाहिए या नहीं, यह राजनीतिक फैसला बन जाता। लेकिन डेविस द्विपक्षीय प्रतियोगिता नहीं है और इसका आयोजन एक विश्व खेल संस्था करती है।' उन्होंने कहा, 'भारत ओलंपिक चार्टर को मानता है और उस पर उसके हस्ताक्षर हैं, इसलिए भारत सरकार या राष्ट्रीय महासंघ यह फैसला नहीं कर सकते कि भारत को इसमें भाग लेना चाहिए या नहीं।'

अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआइटीए) इस मुकाबले को तटस्थ स्थल पर करवाना चाहता है लेकिन पाकिस्तान टेनिस संघ ने रविवार को स्पष्ट कर दिया कि वह स्थल बदलने पर सहमत नहीं होगा क्योंकि इस्लामाबाद में पहले से ही तैयारियां चल रही हैं। आइटीएफ से स्थान बदलने की मांग करते हुए एआइटीए दोनों के बीच तनाव और सुरक्षा चिंताओं को कारण बताएगा।

भारत की कोई भी डेविस कप टीम 1964 के बाद पाकिस्तान दौरे पर नहीं गई तथा मुंबई में 2008 के आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट श्रृंखलाएं भी नहीं खेली गई हैं।

रजिस्ट्रेशन नं. 42500/1987 वर्ष 26 अंक 180 हवाई शुल्क: 30 पैसा-पूर्वोत्तर राज्य, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, रायपुर और भिलाई 50 पैसा-काठमांडू, उदयपुर और आगे एक रुपया-लेह, वाराणसी और आगे, 50 पैसा-खजुराहो, रांची और आगे।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुकेश कुमार भटनागर द्वारा आई.ई.प्रेस, सी-5 इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर-6, पंचकूला-134109, (हरियाणा) से मुद्रित और एससीओ-2441-42, फर्स्ट फ्लोर, जगदीश ज्वैलर्स के ऊपर, सेक्टर 22-सी, चंडीगढ़-160022 से प्रकाशित। फोन नं. 0172-5024400, 0172-5024444. ई-मेलः janchd@expressindia.com फैक्स संपादकीय : 0172-5024422, विज्ञापनः 0172-5024426. बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज* *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।